राजस्थान सरकार

# वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन
# 2015–16

उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान

राजस्थान सरकार

*उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान*

वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन 2015–16

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सार–संक्षेप | 1 |
| 2 | महाविद्यालयों की संख्या | 2 |
| 3 | विभाग का संगठनात्मक ढांचा | 3 |
| 4 | स्वीकृत कार्यरत तथा रिक्त पदो का विवरण | 4 |
| 5 | राजकीय महाविद्यालय में पदो का विवरण | 5–9 |
| 6 | विभाग के प्रमुख कार्य के विरूद्ध आलोच्य वर्ष में प्रगति एवं विगत 3 वर्षों की तुलना | 9 |
| 7 | वित्तीय प्रबन्धन | 10 |
| 8 | विद्यार्थियों का नामांकन | 11–13 |
| 9 | महिला शिक्षा | 14 |
| 10 | जेन्डर बजटिंग एवं ऑडिटिंग | 15–16 |
| 11 | अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग, विशेष पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कल्याणकारी योजनाएं | 17 |
| 12 | छात्रवृत्तियाँ एवं प्रोत्साहन योजनाएं | 18 |
| 13 | आलौच्य वर्ष की विशेष पहल और उपलब्धियां | 19–20 |
| 14 | सत्र 2015–16 की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ | 21 |
| 15 | नियुक्तियाँ, पदोन्नतियाँ, वेतनमान, प्रशिक्षण तथा शोध | 22 |
| 16 | उच्च शिक्षा में गुणात्मक विकास | 23 |
| 17 | प्रभावी प्रबन्धन | 24 |
| 18 | चुनौतियाँ एवं भावी योजनाएं | 25 |
| 19 | विभाग द्वारा आगामी एक वर्ष 2016–17 में किये जाने वाले कार्य | 26 |
| 20 | शिक्षण–प्रशिक्षण महाविद्यालय | 27 |
| 21 | एन.सी.सी. निदेशालय, जयपुर | 28–30 |
| 22 | राष्ट्रीय सेवा योजना | 31–35 |
| 23 | राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड | 36–40 |
| 24 | राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी | 41–42 |

| | | |
|---|---|---|
| 25 | राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर | 43–44 |
| 26 | जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर | 45–46 |
| 27 | मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर | 47–49 |
| 28 | महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर | 50–51 |
| 29 | कोटा विश्वविद्यालय, कोटा | 52–53 |
| 30 | महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर | 54–55 |
| 31 | वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा | 56–58 |
| 32 | राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर | 59–60 |
| 33 | राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर | 61–63 |
| 34 | महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर | 64 |
| 35 | डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर | 65 |
| 36 | हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय,जयपुर | 66–67 |
| 37 | पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर | 68–69 |
| 38 | राजीव गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, उदयपुर | 70–71 |
| 39 | परिशिष्ट–1 राज्य के विश्वविद्यालयों व विश्वविद्यालयवत संस्थाओं की सूची | 72–73 |
| 40 | परिशिष्ट–2 महाविद्यालयों की विश्वविद्यालय एवं जिलेवार सूची | 74–115 |
| 41 | परिशिष्ट–3 महाविद्यालयों की जिलेवार संख्या एवं विद्यार्थी नामांकन | 116–117 |
| 42 | परिशिष्ट–4 जिलेवार महाविद्यालयों की संख्या | 118 |
| 43 | परिशिष्ट–5 जिलों में श्रेणीवार विद्यार्थी नामांकन | 119 |
| 44 | आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा एवं राजकीय महाविद्यालयों के टेलीफोन नम्बर | 120–124 |

# सार–संक्षेप

उच्च शिक्षा विभाग राजस्थान में सामान्य शिक्षा के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों का प्रबन्धन करता है। देश की आजादी के समय राज्य में मात्र 7 सामान्य शिक्षा के महाविद्यालय थे परन्तु पिछले छः दशकों बाद अब यह संख्या एक सहस्त्र का अंक पार कर चुकी है।

राजस्थान में उच्च शिक्षा के तीव्र गति से हुए प्रसार के फलस्वरूप आज प्रदेश में सामान्य शिक्षा के कुल 1639 महाविद्यालय हैं जिनमें से 180 राजकीय महाविद्यालय, 15 राजकीय विधि महाविद्यालय, 1432 निजी महाविद्यालय, 7 स्ववित्तपोषी संस्थाएँ तथा 5 राजकीय व निजी सहभागिता से स्थापित महाविद्यालय हैं। हाल ही में विभाग के कार्य क्षेत्र में आए शिक्षक–प्रशिक्षक महाविद्यालय की संख्या 814 है।राज्य में 26 राज्यवित्तपोषित विश्वविद्यालय, 43निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालय तथा 7 विश्वविद्यालयवत संस्थाएं हैं जिनमें से क्रमशः 14, 43 व 5 उच्च शिक्षा विभाग से सम्बन्धित हैं। राज्य की उच्च शिक्षा संस्थाओं में लगभग 15 लाख नियमित विद्यार्थीनामांकित हैं।

## महाविद्यालयों का प्रशासन एवं प्रबन्धन

- राज्य में उच्च शिक्षा के विकास एवं प्रसार संबंधी कार्यों को सम्पादित करने का उत्तरदायित्व आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर का है। वर्तमान में आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग के प्रमुख के रूप में कार्य कर रहे हैं। आयुक्तकार्यालय जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल के चतुर्थ ब्लाक में अवस्थित है।
- राज्य में संचालित राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के प्रशासनिक, शैक्षणिक, सहशैक्षणिक विकास एवं वित्तीय कार्यों का प्रशासनिक नियन्त्रण करने हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के अतिरिक्त 6 क्षेत्रीय कार्यालय, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा एवं जयपुर में संचालित हैं।
- आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के नियन्त्रण में संचालित संस्थाओं कीसूची परिशिष्ट 2 पर उपलब्ध है।
- राज्य में **सामान्य उच्च शिक्षा** उपलब्ध कराने हेतु शैक्षणिक संस्थाओं की संख्या निम्नानुसार हैः–

| | |
|---|---|
| विश्वविद्यालय | 14 |
| विश्वविद्यालयवत संस्थाएँ (डीम्ड यूनिवर्सिटी) | 5 |
| निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालय | 43 |
| राजकीय महाविद्यालय (15 विधि महाविद्यालयों सहित) | 195 |
| निजी, निजी सहभागिता व स्ववित्तपोषी महाविद्यालय | 1444 |
| शिक्षक–प्रशिक्षण महाविद्यालय | 814 |

(विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालयवत संस्थाओं व सामान्य शिक्षा के महाविद्यालय की सूची परिशिष्ट 1 व 2 पर उपलब्ध)

## महाविद्यालयों की संख्या

- आयुक्तालय के नियंत्रण में तालिका–1 के अनुसार 1639 उच्च शैक्षणिक संस्थायेंहैं।

### तालिका–1 राजस्थान में सामान्य उच्चशिक्षा के महाविद्यालय (वर्ष 2015–16)

| क्रम संख्या | संस्थाएं | महाविद्यालय | | कुल |
|---|---|---|---|---|
| | | सहशिक्षा | महिला | |
| 1. | राजकीय महाविद्यालय | 136 | 44 | 180 |
| | राजकीय विधि महाविद्यालय | 15 | 0 | 15 |
| 2 | सामान्य शिक्षा के निजी महाविद्यालय | 969 | 415 | 1384 |
| | निजी विधि महाविद्यालय | 46 | 2 | 48 |
| 3 | स्ववित्तपोषी योजना के महाविद्यालय | 6 | 1 | 7 |
| 4 | राजकीय व निजी सहभागिता महाविद्यालय (पी.पी.पी.) | 1 | 4 | 5 |
| | **योग** | 1173 | 466 | **1639** |

### तालिका–2
### महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि

| वर्ष | राजकीय | निजी | योग |
|---|---|---|---|
| 2000–2001 | – | 6 | 6 |
| 2001–2002 | – | 14 | 14 |
| 2002–2003 | – | 42 | 42 |
| 2003–2004 | – | 175 | 175 |
| 2004–2005 | 3 | 228 | 231 |
| 2005–2006 | – | 115 | 115 |
| 2006–2007 | 3 | 160 | 163 |
| 2007–2008 | 3 | 107 | 110 |
| 2008–2009 | 4 | 98 | 102 |
| 2009–2010 | 0 | 112 | 112 |
| 2010–11 | 1 | 281 | 281 |
| 2011–12 | | 143 | 143 |
| 2012–13 | 2 | 113 | 115 |
| 2013–14 | 27(35) | 119 | 146 |
| 2014–15 | 8 | 96 | 104 |
| 2015–16 | 8 | 112 | 120 |

# विभाग का संगठनात्मक ढांचा

**आयुक्तालय स्तर पर**

| क्र.स. | पदनाम |
|---|---|
| 1 | आयुक्त |
| 2 | निदेशक अकादमी |
| 3 | अतिरिक्त आयुक्त |
| 4 | संयुक्त निदेशक |
| 5 | उपनिदेशक |
| 6 | वित्तीय सलाहाकार |
| 7 | उपविधि परामर्शी |
| 8 | समन्वयक(युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ) |
| 9 | सहायक निदेशक |
| 10 | व्याख्याता |
| 11 | निजी सचिव |
| 12 | वरिष्ठ विधि अधिकारी |
| 13 | मुख्य विधि सहायक |
| 14 | एनेलिस्ट–कम प्रोग्रामर (उपनिदेशक) |
| 15 | लेखाधिकारी |
| 16 | सहायक लेखाधिकारी |
| 17 | सहायक सांख्यिकी अधिकारी |

**महाविद्यालय स्तर पर**

| क्र.स. | पदनाम |
|---|---|
| 1 | प्राचार्य (स्नातकोत्तर ) |
| 2 | प्राचार्य (स्नातक ) |
| 3 | उपाचार्य |
| 4 | व्याख्याता |
| 5 | शारीरिक शिक्षक |
| 6 | पुस्तकालयध्यक्ष |
| 7 | लेखाधिकारी |
| 8 | प्रशासनिक अधिकारी |
| 9 | सहायक लेखाधिकारी |
| 10 | वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक |
| 11 | प्रयोगशाला सहायक |
| 12 | अनुदेशक |
| 13 | प्रोग्रामर |
| 14 | अनुसन्धान सहायक |

## स्वीकृत – कार्यरत तथा रिक्त पदों का विवरण

➢ विभाग में स्वीकृत कार्यरत तथा रिक्त पदों का विवरण तालिका 3 एवं 4 में उपलब्ध है :–

- निर्देशन एवं प्रशासन (कार्यालय आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, जयपुर एवं 6 क्षेत्रीय कार्यालय)

**तालिका–3**

| क्र सं. | पद | स्वीकृत पदो की संख्या | कार्यरत पदो की संख्या | रिक्त पदो की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुक्त | 1 | 1 | 0 |
| 2 | निदेशक अकादमी | 1 | 0 | 1 |
| 3 | अतिरिक्त आयुक्त | 1 | 1 | 0 |
| 4 | संयुक्त निदेशक | 4 | 3 | 1 |
| 5 | उप निदेशक | 3 | 3 | 0 |
| 6 | वित्तीय सलाहाकार | 1 | 1 | 0 |
| 7 | उप विधि परामर्शी | 1 | 0 | 1 |
| 8 | समन्वयक(युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ) | 1 | 1 | 0 |
| 9 | सहायक निदेशक | 11 | 11 | 0 |
| 10 | व्याख्याता | 10 | 11 | 0 |
| 11 | निजी सचिव | 4 | 4 | 0 |
| 12 | वरिष्ठ विधि अधिकारी | 1 | 0 | 1 |
| 13 | मुख्य विधि सहायक | 2 | 0 | 1 |
| 14 | एनेलिस्ट–कम प्रोग्रामर(उपनिदेशक) | 1 | 1 | 0 |
| 15 | लेखाधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| 16 | सहायक लेखाधिकारी प्रथम | 3 | 3 | 0 |
| 17 | सहायक लेखाधिकारी द्वितीय | 2 | 2 | 0 |
| 18 | सहायक सांख्यिकी अधिकारी | 1 | 0 | 1 |
| 19 | अतिरिक्त निजी सचिव | 1 | 1 | 0 |
| 20 | निजी सहायक | 7 | 3 | 4 |
| 21 | शीघ्रलिपिक | 2 | 0 | 2 |
| 22 | कनिष्ठ लेखाकार | 7 | 4 | 3 |
| 23 | एसिस्टेन्ट प्रोग्रामर | 1 | 1 | 0 |
| 24 | प्रशासनिक अधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| 25 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी कम कार्यालय अधीक्षक | 4 | 0 | 4 |
| 26 | सहायक कार्यालय अधीक्षक | 17 | 5 | 12 |
| 27 | लिपिक ग्रेड–प्रथम | 36 | 26 | 10 |
| 28 | लिपिक ग्रेड–द्वितीय | 34 | 18 | 16 |
| 29 | मशीन मैन | 2 | 2 | 0 |
| 30 | प्रयोगशाला सहायक | 1 | 1 | 0 |
| 31 | वाहन चालक | 3 | 3 | 0 |
| 32 | जमादार | 1 | 1 | 0 |
| 33 | दफ्तरी | 2 | 2 | 0 |
| 34 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 25 | 25 | 6 |
| | **योग** | **193** | **136** | **57** |

## राजकीय महाविद्यालयो में पदों का विवरण

### तालिका–4

| क्र सं. | पद | स्वीकृत पदों की संख्या | कार्यरत पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 207 | 124 | 83 |
| 2 | उपाचार्य | 124 | 85 | 39 |
| 3 | व्याख्याता | 5972 | 4297 | 1675 |
| 4 | शारीरिक शिक्षक | 186 | 38 | 148 |
| 5 | पुस्तकालयाध्यक्ष | 185 | 56 | 129 |
| 6 | हैड ऑफ डिपार्टमेन्ट (उपाचार्य) | 05 | 0 | 05 |
| 7 | कनिष्ठ व्याख्याता | 39 | 31 | 08 |
| 8 | कनिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष | 05 | 0 | 05 |
| 9 | कनिष्ठ शारीरिक शिक्षक | 01 | 0 | 01 |
| 10 | सहायक लेखाधिकारी प्रथम | 135 | 74 | 61 |
| 11 | सहायक लेखाधिकारी द्वितीय | 77 | 05 | 72 |
| 12 | अतिरिक्त निजी सचिव | 01 | 01 | 0 |
| 13 | निजी सहायक | 03 | 03 | 0 |
| 14 | स्टेनोग्राफर | 28 | 05 | 23 |
| 15 | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 22 | 02 | 20 |
| 16 | प्रशासनिक अधिकारी | 02 | 01 | 01 |
| 17 | कार्यालय अधीक्षक कम सहा. प्रशासनिक अधिकारी | 104 | 36 | 68 |
| 18 | सहायक कार्यालय अधीक्षक | 135 | 38 | 97 |
| 19 | लिपिक ग्रेड – I | 259 | 173 | 86 |
| 20 | लिपिक ग्रेड – II | 482 | 219 | 263 |
| 21 | व. प्रयोगशाला सहायक | 57 | 20 | 37 |
| 22 | प्रयोगशाला सहायक | 582 | 283 | 299 |
| 23 | प्रयोगशाला वाहक | 366 | 148 | 218 |
| 24 | जमादार | 39 | 09 | 30 |
| 25 | दफ्तरी | 10 | 09 | 01 |
| 26 | चतुर्थ श्रे. कर्मचारी | 1067 | 720 | 347 |
| 27 | बुक लिफ्टर | 262 | 104 | 158 |
| 28 | माली | 08 | 02 | 06 |
| 29 | एनिमल कैचर | 17 | 13 | 04 |
| 30 | फर्राश | 04 | 03 | 01 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 31 | मैकेनिक | 16 | 18 | 0 |
| 32 | गैसमेन | 14 | 15 | 0 |
| 33 | तबलावादक | 24 | 14 | 10 |
| 34 | कलाकार | 03 | 03 | 0 |
| 35 | मेट्रेन | 06 | 04 | 02 |
| 36 | इलेक्ट्रिशियन | 02 | 02 | 0 |
| 37 | सैक्शन कटर | 02 | 02 | 0 |
| 38 | वाहन चालक | 03 | 02 | 01 |
| 39 | मशीनमैन | 01 | 0 | 01 |
| 40 | टैक्नीकल असिस्टैन्ट | 06 | 03 | 03 |
| 41 | टैक्सीडरमिस्ट | 03 | 03 | 0 |
| 42 | पम्प ड्राइवर | 03 | 03 | 0 |
| 43 | कारटोग्राफर | 02 | 01 | 01 |
| 44 | म्यूजियम कीपर | 08 | 08 | 0 |
| 45 | प्रोग्रामर | 02 | 0 | 02 |
| 46 | अनुदेशक | 03 | 03 | 0 |
| 47 | स्टूडियो सहायक | 02 | 02 | 0 |
| 48 | सूचना सहायक | 35 | 0 | 35 |
| 49 | कनिष्ठ लेखाकार | 01 | 01 | 0 |
| 50 | डेयरी सुपरवाइजर | 01 | 01 | 0 |
| 51 | फार्म सुपरवाइजर | 01 | 01 | 0 |
| 52 | अनुसंधान सहायक | 03 | 03 | 0 |
| 53 | वाद्य यत्र अवदाता | 01 | 01 | 0 |
| 54 | वर्कशाप सहायक | 01 | 01 | 0 |
| 55 | इन्टप्रिटर | 01 | 0 | 01 |
| 56 | फील्डमैन | 01 | 01 | 0 |
| 57 | कम्पयूटर आपरेटर | 15 | 0 | 15 |
| 58 | प्रूफ रीडर | 1 | 01 | 0 |
| | योग | 10544 | 6589 | 3955 |

## राजकीय महाविद्यालयो में आयोजना भिन्न/आयोजना में विभिन्न संवर्गो में स्वीकृत राजपत्रित एवं अराजपत्रित पदों का विवरण

तालिका–5

| क्र सं. | पद | राजकीय महाविद्यालय | | कन्या महाविद्यालय | | जनजाति महाविद्यालय | | अनुसूचित जनजाति महाविद्यालय | विधि महाविद्यालय | देवनारायण योजना महाविद्यालय | बी.एड. संकाय | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आयोजना भिन्न | आयोजना | आयोजना भिन्न | आयोजना | आयोजना भिन्न | आयोजना | आयोजना | आयोजना भिन्न | आयोजना | आयोजना | |
| 1 | प्राचार्य | 84 | 38 | 32 | 9 | 11 | 8 | 8 | 15 | 2 | 0 | 207 |
| 2 | उपाचार्य | 84 | 0 | 29 | 0 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 124 |
| 3 | व्याख्याता | 3958 | 307 | 970 | 61 | 368 | 91 | 67 | 136 | 14 | 0 | 5972 |
| 4 | शारीरिक शिक्षक | 65 | 38 | 31 | 9 | 10 | 8 | 8 | 15 | 0 | 0 | 186 |
| 5 | पुस्तकालयाध्यक्ष | 64 | 38 | 31 | 9 | 10 | 8 | 8 | 15 | 0 | 0 | 185 |
| 6 | HOD B.ED (उपाचार्य) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 5 |
| 7 | कनिष्ठ व्याख्याता | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 36 | 39 |
| 8 | पुस्तकालयाध्यक्ष B.ED | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 5 |
| 9 | शारीरिक शिक्षक B.ED | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 10 | सहायक लेखाधिकारी प्रथम | 84 | 0 | 32 | 0 | 11 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 135 |
| 11 | सहायक लेखाधिकारी द्वितीय | 0 | 38 | 0 | 9 | 0 | 0 | 8 | 15 | 2 | 5 | 77 |
| 12 | अतिरिक्त निजी सहायक | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 13 | निजी सहायक | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 14 | स्टेनोग्राफर | 4 | 18 | 1 | 2 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 28 |
| 15 | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 18 | 0 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 22 |
| 16 | प्रशासनिक अधिकारी | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 17 | कार्यालय अधीक्षक कम सहा.प्रशासनिक अधिकारी | 36 | 29 | 12 | 7 | 4 | 8 | 8 | 0 | 0 | 0 | 104 |
| 18 | सहायक कार्यालय अधीक्षक | 76 | 11 | 25 | 2 | 8 | 0 | 0 | 15 | 0 | 0 | 137 |
| 19 | लिपिक ग्रेड – I | 121 | 37 | 37 | 11 | 14 | 12 | 12 | 15 | 0 | 0 | 259 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | लिपिक ग्रेड – II | 254 | 65 | 73 | 13 | 27 | 12 | 9 | 15 | 4 | 10 | 482 |
| 21 | व. प्रयोगशाला सहायक | 49 | 0 | 3 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 57 |
| 22 | प्रयोगशाला सहायक | 400 | 0 | 103 | 10 | 39 | 20 | 10 | 0 | 0 | 0 | 582 |
| 23 | प्रयोगशाला वाहक | 225 | 0 | 78 | 10 | 23 | 20 | 10 | 0 | 0 | 0 | 366 |
| 24 | जमादार | 27 | 0 | 9 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 39 |
| 25 | दफ्तरी | 6 | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 |
| 26 | चतुर्थ श्रे. कर्मचारी | 583 | 92 | 191 | 23 | 74 | 34 | 24 | 30 | 6 | 10 | 1067 |
| 27 | बुक लिफ्टर | 145 | 38 | 25 | 9 | 13 | 9 | 8 | 15 | 0 | 0 | 262 |
| 28 | माली | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 |
| 29 | एनिमल कैचर | 13 | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 17 |
| 30 | फर्राश | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 31 | मैकेनिक | 11 | 0 | 2 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 16 |
| 32 | गैसमेन | 11 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 14 |
| 33 | तबलावादक | 10 | 0 | 12 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 24 |
| 34 | कलाकार | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 35 | मेट्रेन | 1 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| 36 | इलेक्ट्रिशियन | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 37 | सैक्शन कटर | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 38 | वाहन चालक | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 39 | मशीनमैन | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 40 | तकनीकी सहायक | 4 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| 41 | टैक्सीडरमिस्ट | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 42 | पम्प ड्राइवर | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 43 | कारटोग्राफर | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 44 | अजायबघर रक्षक | 7 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 |
| 45 | प्रोग्रामर | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 46 | अनुदेशक | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 |
| 47 | स्टूडियो सहायक | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 48 | सूचना सहायक | 0 | 17 | 0 | 5 | 0 | 5 | 8 | 0 | 0 | 0 | 35 |
| 49 | कनिष्ठ लेखाकार | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 50 | डेयरी सुपरवाइजर | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 51 | फार्म सुपरवाइजर | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 52 | अनुसंधान सहायक | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 53 | वाद्य यत्र दाता | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 54 | वर्कशाप सहायक | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 55 | इन्टप्रिटर | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 56 | फील्डमैन | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 57 | कम्प्यूटर आपरेटर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 15 | 0 | 0 | 15 |
| 58 | प्रूफ रीडर | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |

| पद | स्वीकृत पदों की संख्या |
|---|---|
| **(अ) शैक्षणिक स्टॉफ (राजपत्रित)** | |
| प्राचार्य | 207 |
| उपाचार्य | 124 |
| व्याख्याता | 5972 |
| पी.टी.आई. | 186 |
| पुस्तकालयाध्यक्ष | 185 |
| हैड ऑफ डिपार्टमेन्ट (उपाचार्य–बीएड) | 05 |
| कनिष्ठ व्याख्याता | 39 |
| **(ब) अशैक्षणिक स्टॉफ** | **3826** |
| **योग** | **10544** |

foHkkx dh izeq[k dk;Z dh fo#) vkykspuk o"kZ esa izxfr ,oa mldh foxr rhu o"kksZ ls rqyuk

| Ø-l- | en @fooj.k | o"kZ 2013&14 | o"kZ 2014&15 | o"kZ 2015&16 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना | 07 | 07 | 0 |
| 2 | नवीन राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना | 27 | 08 | 08 |
| 3 | नवीन निजी महाविद्यालयों की स्थापना | 119 | 96 | 112 |
| 4 | स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमोन्नत | 22 | 0 | 0 |
| 5 | स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन विषय | 05 | 0 | 0 |
| 6 | स्नातक स्तर पर नवीन विषय | 13 | 0 | 1 |
| 7 | भवन निर्माण | 07 | 17 | 33 |
| 8 | नियुक्तियां व्याख्याता | 74 | 0 | 0 |
| 9 | नियुक्तियां अन्य पदों पर (लिपिक ग्रेड–II–2, प्रयोगशाला सहायक–4, च.श्रे.क.–4, लेब बॉय–1) | 0 | 0 | 11 |
| 10 | नामांकन | 600334 | 709177 | 752180 |
| 11 | नवीन पदो का सृजन | 1045 | 335 | 211 |
| 12 | सेवानिवृत्त व्याख्याताओं की संविदा पर पुनर्नियुक्ति | – | – | 83 |
| 13 | सेवानिवृत्त कार्मिकों की पुनर्नियुक्ति–<br>1. लिपिक ग्रेड–II<br>2. प्रयोगशाला सहायक<br>3. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | <br>–<br>–<br>– | <br>–<br>–<br>– | <br>37<br>27<br>14 |

# वित्तीय प्रबन्धन

**वित्तीय प्रबन्धः**

- उच्च शिक्षा विभाग में वित्त प्रबन्धन राज्य के आयोजना, आयोजना भिन्न, केन्द्र प्रवर्तित योजना, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की विकास सहायता आदि के माध्यम से किया जाता है।

**तालिका–6: उच्च शिक्षा विभाग का बजट 2015–16( राशि लाख रु. में )**

| क्र.सं. | मद | आयोजना | आयोजना भिन्न | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुक्तालय | 45.24 | 1099.93 | 1145.17 |
| 2 | महाविद्यालय–पुरुष | 2727.26 | 52243.72 | 54970.98 |
| 3 | महाविद्यालय–महिला | 671.71 | 13623.12 | 14294.83 |
| 4 | महाविद्यालय–टी.ए.डी. | 850.00 | 3171.04 | 4021.04 |
| 5 | सेन्टर्स फॉर एक्सिलेन्स | 0.02 | 0.00 | 0.02 |
| 6 | अनुदानित महाविद्यालय | 0 | 657.76 | 657.76 |
| 7 | छात्रवृत्तियाँ | 10.00 | 0.82 | 10.82 |
| 8 | महाविद्यालय–अनुसूचित जातियों के लिए (मय बुक बैंक) | 700.00 | 0 | 700.00 |
| 9 | मुख्यमंत्री उच्चशिक्षाछात्रवृत्ति योजना | 4550.00 | 0 | 4550.00 |
| 10 | महाविद्यालय भवन | 4910.05 | 0 | 4910.05 |
| 11 | युवा विकास | 96.00 | 0 | 96.00 |
| 12 | विधि महाविद्यालय | 0.08 | 759.23 | 759.31 |
| 13 | राष्ट्रीय सेवा योजना–राज्य | 550.00 | 0 | 550.00 |
| 14 | सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा मिशन | 48.00 | 0 | 48.00 |
| 15 | निजी सहभागिता के नवीन महाविद्यालय | 80.04 | 0 | 80.04 |
| 16 | स्मार्ट क्लास | 500.00 | 0 | 500.00 |
| 17 | राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान | 3570.00 | 0 | 3570.00 |
| 18 | मेधावी छात्रा स्कूटी योजना | 500.00 | 0 | 500.00 |
| | **योग** | **19808.40** | **71555.62** | **91364.02** |

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के सेक्शन 2(एफ) व 12(बी) के अन्तर्गत आदिनांक तक राज्य के 107 राजकीय महाविद्यालय पंजीकृत हैं। 11वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से विभिन्न योजनाओं में इन राजकीय महाविद्यालयों में से 92 राजकीय महाविद्यालयों को 40.74 करोड़ रुपये की राशि अनुदान के रूप में प्राप्त हुई। इस राशि का उपयोग पुस्तक व उपकरणों के क्रय तथा भवन निर्माण व नवीनीकरण आदि के लिए किया गया है। 12वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत अब तक प्रथम चरण में आधारभूत सुविधा विकसित करने हेतु अनुदान महाविद्यालयों को प्राप्त हुआ। 12वीं पंचवर्षीय योजना वर्ष 2017 में समाप्त हो जावेंगी।नैक द्वारा 38 राजकीय महाविद्यालयों को दूसरे चरण का प्रत्यायन किया गया एवं 5 राजकीय महाविद्यालयों को A ग्रेड प्राप्त हुआ है।
- महाविद्यालय जनप्रतिनिधियों, दानदाताओं व अन्य राजकीय योजनाओं के अन्तर्गत भी विभिन्न प्रकार की सहायता प्राप्त कर अपने संसाधनों व सुविधाओं का विकास करते हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अतिरिक्त अन्य संस्थाओं जैसे – विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,आई.सी.एम.आर, आई.सी.एस.एस.आर. आदि से शोध कार्य हेतु महाविद्यालयों/संकाय सदस्यों को वित्तीय सहायता प्राप्त होती है।

## विद्यार्थियों का नामांकन

➢ राज्य में संचालित उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में 2015–16 में अध्ययनरत विद्यार्थियों का नामांकन विवरण तालिका–6 पर उपलब्ध है।

### तालिका–7: वर्ष 2015–16 में सामान्य शिक्षा में नामांकन की स्थिति[1]

(विश्वविद्यालय के विभागों व संघटक महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयवत संस्थाओं, तकनीकी, बी.एड. और संस्कृत शिक्षा को छोड़कर)

| विवरण | राजकीय महाविद्यालय | निजी महाविद्यालय | कुल | प्रतिशत वृद्धि[2] |
|---|---|---|---|---|
| **सामान्य वर्ग** | | | | |
| छात्र | 34065 | 46216 | 80281 | 8.38 |
| छात्रायें | 39236 | 54287 | 93523 | 5.61 |
| योग | 73301 | 100503 | 173804 | 6.87 |
| **अनुसूचित जाति** | | | | |
| छात्र | 43415 | 22627 | 66042 | 1.92 |
| छात्रायें | 29765 | 24209 | 53974 | 9.51 |
| योग | 73180 | 46836 | 120016 | 5.20 |
| **अनुसूचित जनजाति** | | | | |
| छात्र | 31107 | 23640 | 54747 | 0.36 |
| छात्रायें | 25085 | 22736 | 47821 | 9.00 |
| योग | 56192 | 46376 | 102568 | 4.21 |
| **अन्य व विशेष पिछड़ा वर्ग** | | | | |
| छात्र | 90759 | 78377 | 169136 | 5.08 |
| छात्रायें | 67153 | 96549 | 163702 | 8.70 |
| योग | 157912 | 174926 | 332838 | 6.83 |
| **अल्पसंख्यक वर्ग** | | | | |
| छात्र | 5081 | 7102 | 12183 | 3.72 |
| छात्रायें | 4242 | 6529 | 10771 | 0.34 |
| योग | 9323 | 13631 | 22954 | 2.11 |
| **कुल नामांकन** | | | | |
| छात्र | 204427 | 177962 | 382389 | 4.44 |
| छात्रायें | 165481 | 204310 | 369791 | 7.80 |
| **योग** | 369908 | 382272 | 752180 | 6.06 |

(1नामांकन के आंकड़े सामान्य शिक्षा के 824 महाविद्यालयों से प्राप्त सूचना पर आधारितहैं,
2 शैक्षणिक सत्र 2014–15 के मुकाबले वृद्धि)

## तालिका–8: नामांकन में प्रतिशत वृद्धि

| वर्ष | छात्र | | छात्रायें | | कुल नामांकन (लाखों में) | प्रतिशत वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नामांकन (लाखों में) | प्रतिशत वृद्धि | नामांकन (लाखों में) | प्रतिशत वृद्धि | | |
| 2005–2006 | 2.01 | 1.23 | 1.26 | 11.08 | 3.27 | 4.82 |
| 2006–2007 | 2.23 | 11.07 | 1.42 | 12.60 | 3.65 | 11.66 |
| 2007–2008 | 2.30 | 3.05 | 1.49 | 5.07 | 3.79 | 3.83 |
| 2008–2009 | 2.29 | –0.20 | 1.63 | 9.64 | 3.93 | 3.67 |
| 2009–2010 | 2.50 | 9.05 | 1.71 | 7.25 | 4.21 | 7.25 |
| 2010–2011 | 2.53 | 1.11 | 1.86 | 9.08 | 4.40 | 4.35 |
| 2011–2012 | 2.83 | 11.86 | 2.26 | 20.85 | 5.09 | 15.68 |
| 2012–2013 | 3.00 | 5.91 | 2.46 | 8.94 | 5.46 | 7.25 |
| 2013–2014 | 3.10 | 3.52 | 2.89 | 17.68 | 6.00 | 9.90 |
| 2014–2015 | 3.66 | 17.87 | 3.43 | 18.40 | 7.09 | 18.13 |
| 2015–2016 | 3.82 | 4.44 | 3.70 | 7.80 | 7.52 | 6.06 |

## तालिका–9 संकायवार नामांकन 2015–16

| संकाय | कुल नामांकन | | | संकायवार प्रतिशत नामांकन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्र | छात्राएँ | योग | छात्र | छात्राएँ | योग |
| कला | 220558 | 251612 | 472170 | 29.32 | 33.45 | 62.77 |
| विज्ञान | 83898 | 64834 | 148732 | 11.15 | 8.62 | 19.77 |
| गृह विज्ञान | 76 | 340 | 416 | 0.01 | 0.05 | 0.06 |
| वाणिज्य | 59512 | 42776 | 102288 | 7.91 | 5.69 | 13.60 |
| विधि | 8125 | 3147 | 11272 | 1.08 | 0.42 | 1.50 |
| कृषि | 860 | 408 | 1268 | 0.11 | 0.05 | 0.17 |
| डिप्लोमा व अन्य | 9360 | 6674 | 16034 | 1.24 | 0.89 | 2.13 |
| **योग** | **382389** | **369791** | **752180** | **50.84** | **49.16** | **100.00** |

**तालिका–10 विश्वविद्यालयवार सम्बद्ध सामान्य शिक्षा के महाविद्यालय 2015–16[1]**

| क्रम सं. | सम्बद्धक विश्वविद्यालय | छात्र / सहशिक्षा | छात्राएँ | कुल | जिला / क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर | 230 | 101 | 331 | जयपुर, दौसा, **(झुंझुनूं, सीकर, अलवर, भरतपुर, एवं धौलपुर जिलों में महाविद्यालयों की स्नातक पार्ट प्रथम एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध की कक्षाओं के अतिरिक्त)** |
| 2 | मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर | 140 | 35 | 175 | उदयपुर, डूँगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद, एवं सिरोही |
| 3 | जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर | 98 | 26 | 124 | बाड़मेर, जैसलमेर, जालौर, पाली एवं जोधपुर |
| 4 | महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर | 125 | 39 | 164 | अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर, टोंक, |
| 5 | महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर | 174 | 79 | 253 | बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ |
| 6 | कोटा विश्वविद्यालय, कोटा | 80 | 24 | 104 | कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड़, करौली एवं सवाईमाधोपुर |
| 7 | पं.दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर | 177 | 93 | 270 | पं.दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में सत्र 2015–16 से सीकर एवं झुन्झुनूं जिले की महाविद्यालयों की स्नातक पार्ट प्रथम एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध की कक्षाओं को सम्बद्ध किया गया है तथा अन्य कक्षायें राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से सम्बद्ध है। |
| 8 | महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर | 86 | 30 | 116 | महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर में सत्र 2015–16 से भरतपुर एवं धौलपुर जिले की महाविद्यालयों की स्नातक पार्ट प्रथम एवं स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध की कक्षाओं को सम्बद्ध किया गया है तथा अन्य कक्षायें राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से सम्बद्ध है। |
| 9 | राज ऋषि भर्तृहरी मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर | 63 | 39 | 102 | राज ऋषि भर्तृहरी मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर में सत्र 2015–16 से अलवर जिले की महाविद्यालयों की स्नातक पार्ट प्रथम एवं स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध की कक्षाओं को सम्बद्ध किया गया है तथा अन्य कक्षायें राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से सम्बद्ध है। |
| | **योग** | 1173 | 466 | 1639 | |

(नोट–1 परिशिष्ट–2 के अनुसार)

# महिला शिक्षा

- विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राएं शिक्षण शुल्क से मुक्त हैं।
- महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 1997–98 में अध्ययनरत छात्राओं की संख्या 0.60 लाख तथा वर्ष 2003–04 में 1.03 लाख, 2008–09 में 1.63 लाख थी जो 2015–16 में बढ़कर **3.70 लाख** हो गई है।
- वर्ष 1997–98 में राज्य में महिला महाविद्यालयों की संख्या 100 थी जो वर्ष 2003–04 में 183, 2008–09 में 361 तथा वर्ष 2015–16 में बढ़कर 466 हो गई है।
- राज्य में इस समय 2 विश्वविद्यालयवत संस्थाएं तथा 2 निजी विश्वविद्यालय महिलाओं हेतु संचालित है।
- महिला महाविद्यालयों में छात्राओं को स्थान रिक्त होने पर न्यूनतम प्राप्तांक के आधार पर प्रवेश दिया जाता है।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की उन छात्राओं को जिनके माता–पिता आयकर नहीं देते हैं, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु पुस्तक बैंक योजना का विस्तार किया गया है।
- सत्र 2010–11सेप्रवेश नियमों में परिवर्तन कर महिलाओं को ऐसे स्थानों पर सहशिक्षा महाविद्यालयों में प्रवेश लेने पर भी छूट दी गई जहां महिला और सहशिक्षा दोनों प्रकार के महाविद्यालयों में उनके चुनाव का विषय उपलब्ध हो।
- जारी दशक में राज्य में महिलाओं की उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है जो तालिका 11 से स्पष्ट होती है। सत्र 2000–01 में जहाँ सौ छात्रों पर 54 छात्रायें अध्ययनरत थीं वहीं सत्र 2015–16 में यह संख्या 97 हो गई है जो अब तक का अधिकतम है।

**तालिका–11: प्रति सौ छात्रों पर छात्राओं की संख्या**

| अकादमिक वर्ष | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अ.व वि. पिछड़ा वर्ग | अल्पसंख्यक वर्ग | सम्मिलित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2005–06 | 112 | 33 | 30 | 49 | 100 | 63 |
| 2006–07 | 112 | 37 | 32 | 52 | 78 | 64 |
| 2007–08 | 111 | 38 | 36 | 53 | 87 | 65 |
| 2008–09 | 117 | 44 | 42 | 64 | 85 | 71 |
| 2009–10 | 101 | 45 | 42 | 63 | 88 | 68 |
| 2010–11 | 109 | 50 | 51 | 69 | 85 | 74 |
| 2011–12 | 111 | 60 | 60 | 76 | 77 | 80 |
| 2012–13 | 114 | 62 | 67 | 80 | 77 | 82 |
| 2013–14 | 133 | 73 | 74 | 92 | 99 | 93 |
| 2014–15 | 120 | 76 | 80 | 94 | 91 | 94 |
| 2015–16 | 117 | 82 | 87 | 97 | 88 | 97 |

## जैण्डर बजटिंग एवं ऑडिटिंग

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महिला शिक्षा को प्रोत्साहन देने के फलस्वरूप राज्य में महिला उच्च शिक्षा में विगत कुछ वर्षों में उल्लेखनीय अभिवृद्धि हुई है। सामान्य वर्ग में छात्रों की तुलना में छात्राओं के नामांकन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**तालिका–12**

**कार्यालय आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, आयोजना मद का जेन्डर बजट(2015–16)**

(राशि लाख रुपये में)

| क्र. सं. | मद | पुरुष व सहशिक्षा महाविद्यालय | महिला महाविद्यालय | योग | कन्या महाविद्यालयों पर व्यय बजट का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निदेशन एवं प्रशासन | 22.62 | 22.62 | 45.24 | 50.00 |
| 2 | पुरूषों के लिए महाविद्यालय | 1363.63 | 1363.63 | 2727.26 | 50.00 |
| 3 | महिलाओं के लिए महाविद्यालय | - | 671.71 | 671.71 | 100.00 |
| 4 | राष्ट्रीय सेवा योजना | 275.00 | 275.00 | 550.00 | 50.00 |
| 5 | अनुसूचित जाति महाविद्यालय | 350.00 | 350.00 | 700.00 | 50.00 |
| 6 | अनुसूचित जनजाति महाविद्यालय | 425.00 | 425.00 | 850.00 | 50.00 |
| 7 | सेन्टर फॉर एक्सिलेन्स | 0.01 | 0.01 | 0.02 | 50.00 |
| 8 | विधि महाविद्यालय | 0.04 | 0.04 | 0.08 | 50.00 |
| 9 | छात्रवृत्तियाँ | 5.00 | 5.00 | 10.00 | 50.00 |
| 10 | युवा विकास केन्द्रों की स्थापना | 48.00 | 48.00 | 96.00 | 50.00 |
| 11 | सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा मिशन | 24.00 | 24.00 | 48.00 | 50.00 |
| 12 | भवन | 3000.00 | 1910.05 | 4910.05 | 38.90 |
| 13 | मुख्यमंत्री उच्चशिक्षाछात्रवृत्ति योजना | 2275.00 | 2275.00 | 4550.00 | 50.00 |
| 14 | निजी सहभागिता के नवीन महाविद्यालय | 0.04 | 80.00 | 80.04 | 99.95 |
| 15 | स्मार्ट क्लास | 250.00 | 250.00 | 500.00 | 50.00 |
| 16 | राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान | 1785.00 | 1785.00 | 3570.00 | 50.00 |
| 17 | मेधावी छात्रा स्कूटी योजना | - | - | 500.00 | 100.00 |
| | **योग** | 9823.34 | 9485.06 | 19808.40 | **47.88** |
| **देव नारायण योजना अन्तर्गत** | | | | | |
| 1 | स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना | 250.00 | 250.00 | 500.00 | 50.00 |

## तालिका–13
## कार्यालय आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, आयोजना भिन्न मद का जेन्डर बजट (2015–16)

(राशि लाख रुपये में)

| क्र. सं. | मद | कुल बजट (संशोधित अनुमान) | पुरुषों पर व्यय संभावित | महिलाओं पर व्यय संभावित | महिलाओं पर व्यय बजट का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संवेतन | 70124.00 | 35062.00 | 35062.00 | 50.00 |
| 2 | यात्रा–व्यय | 42.50 | 21.25 | 21.25 | 50.00 |
| 3 | चिकित्सा व्यय | 69.50 | 34.75 | 34.75 | 50.00 |
| 4 | कार्यालय –व्यय | 204.00 | 102.00 | 102.00 | 50.00 |
| 5 | वृत्तिक एवं विशिष्ट सेवाओं पर व्यय | 25.00 | 12.50 | 12.50 | 50.00 |
| 6 | कार्यालय वाहनों का संधारण | 3.00 | 1.50 | 1.50 | 50.00 |
| 7 | किराया कर एवं रायल्टी | 2.11 | 1.05 | 1.05 | 50.00 |
| 8 | लघु निर्माण कार्य | 0.01 | 0.01 | 0.00 | 0.00 |
| 9 | एम.ई.टी.पी. | 1.00 | 0.50 | 0.50 | 50.00 |
| 10 | कार्यकलाप संबन्धी वाहनों का संधारण | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 50.00 |
| 11 | विज्ञापन प्रचार प्रसार | 0.01 | 0.01 | 0.00 | 0.00 |
| 12 | सामग्री एवं आपूर्ति | 0.30 | 0.15 | 0.15 | 50.00 |
| 13 | मीटिंग एवं कॉन्फ्रेन्स | 0.20 | 0.10 | 0.10 | 50.00 |
| 14 | पुस्तकालय | 49.15 | 25.90 | 24.00 | 48.83 |
| 15 | प्रयोगशाला | 48.00 | 24.00 | 24.00 | 50.00 |
| 16 | विभाग की विशिष्ट सेवाओं पर व्यय | 156.62 | 78.31 | 78.31 | 50.00 |
| 17 | वर्दियों पर व्यय | 19.86 | 9.93 | 9.93 | 50.00 |
| 18 | डिक्रीटल चार्जेज | 1.64 | 0.82 | 0.82 | 50.00 |
| 19 | संविदा व्यय | 131.40 | 65.70 | 65.70 | 50.00 |
| 20 | अनुरक्षण एवं मरम्मत | 16.50 | 8.25 | 8.25 | 50.00 |
| | **योग** | 70894.9 | 35448.76 | 35446.86 | **49.99** |

## अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग, विशेष पिछड़े वर्ग, विशेष योग्यजन एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों के लिये कल्याणकारी योजनाएं

- उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,अन्य पिछड़े वर्ग एवं विशेष पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश में क्रमशः 16,12, 21 एवं 1प्रतिशत के आरक्षण का प्रावधान है। विशेष योग्यजन हेतु श्रेणीवार 3 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान है।
- राज्य में संचालित राजकीय एवं निजी क्षेत्र की उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में चालू शैक्षणिक सत्र में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों की संख्या एवं उनका प्रतिशत निम्नानुसार हैः–

**तालिका–14: अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों का नामांकन (2015–16)**

| क्रम सं. | श्रेणी | प्रवेश हेतु आरक्षण का प्रतिशत | विद्यार्थी नामांकन | कुल विद्यार्थियों की संख्या का प्रतिशत | नामांकन में पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 16 | 120016 | **15.95** | **5.20** |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 12 | 102568 | **13.63** | **4.21** |
| 3 | अन्य व विशेष पिछड़ा वर्ग | 22 | 332838 | **44.25** | **6.83** |
| 4 | अल्पसंख्यक वर्ग | ––– | 22954 | **3.05** | **2.11** |

- महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति/जनजाति के विद्यार्थियों को प्रवेश की पात्रता में रियायत दी जाती है ।
- बारां जिले के किशनगंज एवं शाहबाद तहसील के सहरिया विद्यार्थियों को न्यूनतम उत्तीर्णांक पर संबंधित जिले के महाविद्यालयों में प्रवेश दिया जाता है।
- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के विद्यार्थी शिक्षण शुल्क से मुक्त हैं तथा महाविद्यालय स्तर पर लिये जाने वाले स्थानीय शुल्क में इन वर्गों के विद्यार्थियों को छूट दी जाती है।
- महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा छात्रवृत्तियाँ दी जाती हैं।
- राज्य सरकार द्वारा विशेष पिछड़े वर्ग की छात्राओं के लिए देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना वर्ष 2011–12 से प्रारम्भ की गई। योजना में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 12वीं कक्षा परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत से उत्तीर्ण होकर राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ययन हेतु प्रवेश लेने वाली उच्चतम अंक प्राप्त प्रथम 1000 छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी वितरण करने का प्रावधान वर्ष 2015–16 के लिए रखा गया है जिसके विरुद्ध वर्ष 2015–16 में 1000 पात्र छात्राओं को स्कूटी स्वीकृत कर वितरित की गईं।
- राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विशेष पिछड़ा वर्ग की छात्राओं द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष और स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध परीक्षा में न्यूनतम 55प्रतिशत प्राप्तांक से उत्तीर्ण होकर आगामी कक्षा में अध्ययनरत रहने पर स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष में रुपए दस–दस हजार वार्षिक तथा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध में बीस–बीस हजार वार्षिक प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया।

## छात्रवृत्तियां एवं अन्य प्रोत्साहन योजनाएं

- राजकीय/ गैर अनुदानित महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।
- आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा वर्ष 2012–13 में एक नवीन छात्रवृति प्रारम्भ की गई। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृति योजना नामक इस छात्रवृति में राजस्थान के नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों को, जिन्होंने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2012 की सीनियर सैकण्डरी परीक्षा में 60 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त किये हों, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रु. वार्षिक से कम हो तथा जो अन्य कोई छात्रवृति प्राप्त न कर रहे हों,को इस योजना में 500/– मासिक की दर से वार्षिक 5000/–रु. छात्रवृति देय है। पात्र विद्यार्थी इस छात्रवृति का लाभ 5 वर्ष तक ले सकते हैं तथा इसके लिए वरीयता के आधार पर एक लाख अवार्ड निर्धारित किये गये हैं।
- वित्तीय वर्ष 2015–16में आयुक्तालय स्तर पर देय छात्रवृतियों हेतु आवंटित राशि तथा मार्च2015तक लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या तालिका–15 में दर्शाई गई है।

**तालिका–15**

| क.सं. | छात्रवृति/योजना का नाम | आवंटित बजट (राशि लाख रुपये में) | लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या (20.01.2016 तक) |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृति योजना | 4550.00 | 85484 |
| 2 | देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण | 500.00 | 16+984 |
| | देवनारायण छात्रा प्रोत्साहन राशि–स्नातक | | स्वीकृति प्रक्रियाधीन |
| | देवनारायण छात्रा प्रोत्साहन राशि–स्नातकोत्तर | | |
| 3 | मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना 2015 | 500.00 | 961 |
| 4 | विधवा/परित्यक्ता मुख्यमंत्री संबंल योजना | 14.00 | प्रक्रियाधीन |
| 5 | महिला योग्यता छात्रवृति | 3.50 | प्रक्रियाधीन |
| 6 | आवश्यकता एवं योग्यता छात्रवृति | 3.50 | |
| 7 | मृतक राज्य कर्मचारियों के बच्चों को देय छात्रवृति | 0.70 | |
| 8 | राजनैतिक पीडितों के आश्रितों को दये छात्रवृति | | |
| 9 | राष्ट्रीय मिलिट्री महाविद्यालय देहरादून छात्रवृति | | |
| 10 | कारगिल शहीदों के आश्रितों को छात्रवृति | | |
| 11 | संगीत एवं आर्ट छात्रवृति | | |
| 12 | उर्दू विषय के विद्यार्थियों को देय छात्रवृति | 0.05 | |
| 13 | पूर्व सैनिकों की प्रतिभावान पुत्रियों को देय छात्रवृति | 0.05 | |
| | | 5571.80 | 87445 |

नोट : 1. लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या में 31 मार्च 2016 तक दर्शाई गई संख्या में कमी/बढोतरी हो सकती है।

2. वर्ष 2014–15 की समान प्राप्तांक प्रतिशत वाली 16 छात्राओं को स्कूटी वित्तीय वर्ष 2015–16 के बजट से स्वीकृत की गई।

# आलोच्य वर्ष की विशेष पहल और उपलब्धियां

## ई–गवर्नेन्स, कम्प्यूटराइजेशन एवं आई. सी.टी सम्बन्धी पहल

- **ऑन लाईन एडमीशन प्रोसेस**–राज्य के 28 जिलों में 46 स्थानों के 63 राजकीय महाविद्यालयों में अकादमिक सत्र 2013–14 के लिए पहली बार सभी स्नातक स्तर के पाठयक्रमों के लिए एडमीशन के लिए आवेदन ऑन लाईन अर्थात इन्टरनेट के माध्यम से स्वीकार करने की व्यवस्था की गई थी। वर्ष 2014–15 में 47 अन्य महाविद्यालयों को उक्त योजना से जोड़कर कुल 110 राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाईन एडमिशन किये गये। सत्र 2015–16 में उक्त योजना 180 राजकीय महाविद्यालयों (विधि, स्कूल आफ आर्ट एवं संगीत संस्थान को छोडकर) सफलतापूर्वक लागू की गई। ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के तहत आवेदक को फार्म भरने की सूचना उसके मोबाईल पर दिये जाने की सुविधा थी साथ ही आवेदक का नाम प्रवेश सूची में आने पर भी मोबाईल पर एस.एम.एस के द्वारा सूचित करने की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त ऑन लाइन फार्म भरने के लिए आवेदकों को ई–मित्र व सी.एस.सी से रियायती दरों पर सुविधा उपलब्ध करवाई गई। सत्र 2015–16 में फीस जमा कराने की सुविधा भी ई–मित्र के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रदान की गई।
- **डायनेमिक वेबसाइट**–उपयोगकर्त्ताओं की सुविधा हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की एक डायनेमिक वेबसाइट भी विकसित है, जिसे सतत रूप से अद्यतन रखा जाता है तथा इसका पता हैः–

  http://dce.rajasthan.gov.in

  इस वेबसाइट पर राजकीय महाविद्यालयों की सूचना देने वाले वेब पृष्ठ भी हैं।
  आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा वितरित की जा रही सभी प्रकार की छात्रवृत्तियों के आवेदन पत्र व नियम (हिन्दी में) विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।
- **हायर एजुकेशन पोर्टल**– बजट घोषणा 2015–16 के तहत हायर एजुकेशन पोर्टल का निर्माण सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सहायता से प्रक्रियाधीन है जिसके अन्तर्गत प्रवेश से डिग्री लेने तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाईन की जायेगी तथा इसके बनने के पश्चात ई–लर्निंग को प्रोत्साहन के लिए शिक्षण सामग्री भी इस पोर्टल पर उपलब्ध होगी।
- **ई–क्लासरूम योजनाः** वर्ष 2015 –16 के बजट सत्र में माननीय उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा 75 राजकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट–क्लास प्रारम्भ करने का दिनांक 20 मार्च 2015 को राजस्थान विधान सभा में आश्वासन दिया गया। इस प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिये आयुक्तालय कालेज शिक्षा को राज्य सरकार द्वारा रुपये 5.00 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। लागत आधार पर प्रथम चरण में 34 चयनित राजकीय महाविद्यालयों एवं आयुक्तालय कालेज शिक्षा जयपुर में डायनेमिक ई– क्लासरुम्स स्थापित किये जाने की प्रक्रिया जारी है। इस योजना को चरणवार लागू करके समस्त राजकीय महाविद्यालयों में पहुंचाया जावेगा। इस योजनान्तर्गत राजकीय महाविद्यालयों में पढाये जाने वाले विषयों के अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क ऑन–लाइन एवं ऑफ–लाइन कक्षाएं आयेजित की जावेंगी जिससे लगभग 1 लाख विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। चयनित 34 महाविद्यालयों के अतिरिक्त अन्य महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी ऑफ–लाइन कक्षाओं द्वारा लाभान्वित किये जाने की योजना है। इस योजना के क्रियान्वयन हेतु आयुक्तालय कालेज शिक्षा के स्तर पर विभिन्न आपरेशनल मोड्स का अध्ययन किया गया है। तथापि इस बात पर बल दिया जा रहा है कि **ऑन–लाइन कक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को प्रश्न–जिज्ञासा संवाद के लिये टू–वे विडियो कम्यूनिकेशन सुविधा तथा ऑफ–लाइन कक्षाओं के लिये मेल–मैसेज अथवा अन्य कनैक्टिविटी मोड द्वारा संवाद की सुविधा सुनिश्चित हो सके।** विद्यार्थी मांग आधार पर **प्रथम चरण में दो संकायों– कला एवं विज्ञान में चयनित विषयों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें कला संकाय से भूगोल, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अंग्रेजी व हिन्दी विषयों तथा विज्ञान संकाय से रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र एवं प्राणिशास्त्र विषयों को सम्मिलित कर कार्य किया जा रहा है,** अगले चरण में अन्य विषयों को भी इस योजनान्तर्गत सम्मिलित किया जावेगा। इसके अतिरिक्त **अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कक्षाएं आयोजित करवाने पर भी ध्यान दिया जा रहा है।** इस दिशा में विषय सामग्री निर्माण हेतु आयुक्तालय स्तर पर विषय विशेषज्ञों की सहायता से विषयवस्तु चयन का कार्य प्रथम चरण तक पूर्ण कर लिया गया है तथा लगभग 85 घण्टों के व्याख्यान रिकार्ड करवाये जा चुके हैं, जिनकी एडिटिंग का कार्य शेष है।
- राज्य के महाविद्यालयों में लगभग 7.52 लाख नियमित विद्यार्थी अध्ययनरत है। वर्ष 2015–16 में विद्यार्थी नामांकन में लगभग 6.06प्रतिशत वृद्धि अंकित की गई।

- **सीटों व वर्गों में वृद्धि**–राज्य सरकार द्वारा अकादमिक सत्र 2015–16 में सीटों की संख्या के अनुपात में अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण स्वीकृत वर्गों में अधिकतम 25 प्रतिशत सीटें बढ़ाने की अनुमति प्रदान की गई। विज्ञान संकाय में सीटों की संख्या प्रति वर्ग 70 से 90 तथा कला व वाणिज्य संकाय में सीटों की संख्या प्रति वर्ग 80 से 100 की गई जिससे अभ्यर्थी लाभान्वित हुए।

- **युवा कौशल विकास केन्द्र**–युवाओं के विकास व उन्हें रोजगार के अवसरों के सम्बन्ध में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालयों में युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं। युवा विकास केन्द्रों की गतिविधियों को अधिक व्यापक बनाने हेतु सत्र 2015–16 से इसके दिशा–निर्देशों में परिवर्तन किया गया।

- **छात्रसंघ चुनाव**–प्रदेश के सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2004–05 तक छात्रसंघ चुनाव कराये गये थे लेकिन इसके पश्चात् विभिन्न न्यायालयों द्वारा पारित किये गये निर्णयों के सन्दर्भ में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराये जा सके थे। वर्ष 2010 में लम्बे अन्तराल के बाद लिंग्दोह समिति की अनुशंसा के अनुसार शैक्षणिक संस्थाओं में छात्रसंघ चुनाव करवाए गए। सत्र 2015–16 में भी 26 अगस्त को छात्रसंघ चुनाव करवाए गए ।

- **राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान योजना (RUSA)**–भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान योजना बनाई है। इस योजना का उद्देश्य राज्यों के उच्च शिक्षण संस्थाओं में access, equity तथा quality में गुणात्मक अभिवृद्धि करना है। यह योजना 12वीं पंचवर्षीय योजना से प्रारम्भ होकर 13वीं पंचवर्षीय योजना तक प्रभावी रहेगी। इस योजना के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राज्य के सकल नामांकन अनुपात में अभिवृद्धि होगी, उच्च शिक्षा के सभी संस्थानों में गुणवत्ता युक्त संकाय सदस्यों की पर्याप्त उपलब्धता होगी, रोजगार के सभी स्तरों पर क्षमता निर्माण सुनिश्चित होगी, दूरस्थ तथा वंचित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार शिक्षण संस्थाओं की स्थापना कर के उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्रीय असंतुलन दूर होगा, सम्बद्धता, शैक्षणिक एवं परीक्षा प्रणाली में आवश्यकतानुसार सुधार होगा, अकादमिक उत्कृष्टता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलेगा।

  इस योजना के अन्तर्गत State Higher Education Plan तैयार कर वित्तीय स्वीकृति हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को दिनांक 26.06.2015 को भेज दिया गया था।

  इन प्रस्तावों में Project Approval Board द्वारा 96 राजकीय सामान्य शिक्षा महाविद्यालयों, 4 राजकीय संस्कृत महाविद्यालयों, 5 राजकीय विश्वविद्यालयों को Infrastructure grants के मद में एवं 2 नये Professional (Engineering) कॉलेज खोलने के लिए 352.00 करोड के विभागीय प्रस्ताव स्वीकृत किये गये हैं। स्वीकृत राशि की प्रथम किस्त 27.00 करोड रूपयें एवं 38.40 करोड रूपयें (केन्द्रीय अंश) राज्य सरकार को प्राप्त हो चुके है।

  इस योजना हेतु Rajasthan State Higher Education Council का Executive order दिनांक 08.07.2015 को जारी हो चुका है एवं जिसकी केबीनेट स्वीकृति 28.12.2015 को हो चुकी है। Rajasthan State Higher Education Council का Societies Registration Act 1958 के तहत दिनांक 11.01.2016 को पंजीयन हो गया है। PD Account खोले जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। Rajasthan State Higher Education Council (SHEC) के PD अकाउंट खुलने के पश्चात् राज्य सरकार की मैचिंग ग्रांट प्राप्त कर लाभान्वित संस्थानों का RUSA account खुलवा कर राशि वितरीत कर दी जायेगी।

  SHEC के एक्ट का ड्राफ्ट बनाया जा रहा है, जिसे आगामी बजट सत्र में प्रस्तुत करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## सत्र 2015–16 की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

- वर्ष 2015–16 में राज्य में 8 राजकीय महाविद्यालय (महुआ, खण्डार, सुमेरपुर, मनोहरथाना, ओसिंया, डेगाना, सिवाना एवं आहोर) प्रारम्भ किये गये। राजकीय महिला महाविद्यालय, जालौर में स्नातक स्तर पर नवीन भूगोल विषय प्रारम्भ किया गया।
- प्रवेश प्रक्रिया 2015–16 में स्नातक प्रथम वर्ष में सभी राजकीय महाविद्यालयों में (विधि, स्कूल आफ आर्ट एवं संगीत संस्थान को छोडकर) ऑनलाईन एडमिशन प्रोसेस (ओ.ए.पी) लागू किया गया।
- राजस्थान बोर्ड के विद्यार्थियों के हितों के लिए परसन्टेज के स्थान पर परसेन्टाईल आधारित प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2014–15 से अपनाई गई थी जो कि इस सत्र में भी लागू रही।
- राजकीय महाविद्यालयों में विज्ञान, कला एवं वाणिज्य में स्नातक प्रथम वर्ष में 25 प्रतिशत सीटे बढाई गई। इस प्रकार सम्पूर्ण राजस्थान में कुल लगभग 26000 सीटें बढाई गई।
- 25 सितम्बर 2015 को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती के अवसर पर रक्तदान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें राज्य के करीब 1.25 लाख संकल्पकर्ताओं ने संकल्प पत्र भरे एवं 10052 यूनिट रक्तदान किया गया।
- सभी महाविद्यालयों में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान (स्वच्छ भारत स्वच्छ महाविद्यालय), सदवाक्य लेखन किया गया। माह में एक बार सार्वजनिक स्थलों की सफाई का कार्य प्रारम्भ किया गया।
- सभी महाविद्यालयों में बुक बैंक की स्थापना की गयी। जिसका उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध कराना हैं।
- 1339 व्याख्याताओं के रिक्त पदों को भरने हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को अभ्यर्थना भेजी गई है। आयोग द्वारा 1248 पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया। चयन कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
- मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत आवंटित 45.50 करोड रू. राशि में से 34.94 करोड़ रूपये जिला नोडल अधिकारियों/राजकीय महाविद्यालयों को 85444 आवेदन पत्रों पर छात्रवृत्ति स्वीकृति हेतु आवंटित की गई, शेष राशि मांग अनुरूप आवंटित की जायेगी।
- बजट घोषणा वर्ष 2015–16 की अनुपालना में 961 मेधावी छात्राओं को स्कूटी स्वीकृत कर वितरण किया गया।
- देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजना में वर्ष 2015–16 में 16+984 (गत वर्ष की 16 व इस वर्ष की 984) स्कूटी स्वीकृत कर वितरण किया गया। योजनान्तर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कुल 3103 आवेदन पत्रों पर पात्र छात्राओं को प्रोत्साहन राशि स्वीकृति हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
- सभी राजकीय महाविद्यालयों में युवाओं को रोजगार की जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ के तहत रोजगार प्रकोष्ठ केन्द्र की स्थापना की गई ।
- समस्त राजकीय महाविद्यालयों को यू0जी0सी0 की ई–लाईब्रेरी योजना–इनफिलबिनेट योजना से जोड़ा गया जिसके आधार पर 97000 ई–बुक्स एवं 6000 जरनल्स का अध्ययन किया जा सकेगा।
- निम्न पदो की वर्ष 2015–16 की डीपीसी की गई– प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ निजी सहायक एवं कार्यालय अधीक्षक। मृत कर्मचारियो के 11 आश्रितो को अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्रदान की गई (लिपिक ग्रेड–ाा 02, प्रयोगशाला सहायक 04, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 04 एवं प्रयोगशाला वाहक 1)।
- दिनांक 30.06.2010 तक जिन 197 व्याख्याताओं को चयनित वेतनमान स्वीकृत किया गया, उन 197 व्याख्याताओं को पे–बैण्ड IV स्वीकृत किया गया।
- वर्ष 2015–16 में आयोजना मद के अन्तर्गत विभाग को 13236.93 लाख रूपये का बजट प्रावधान स्वीकृत किया गया था जिसके विरूद्ध 31 दिसम्बर, 2015 तक 7049.60 लाख रूपये की राशि व्यय की गई है।
- सत्र 2015–16 में समस्त राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों/कार्मिकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन से किया जाना लागू किया गया।
- RUSA के अन्तर्गत स्टेट हायर एजूकेशन प्लान में भेजे गये प्रस्तावों में Project Approval Board द्वारा 96 राजकीय सामान्य शिक्षा महाविद्यालयों, 4 राजकीय संस्कृत महाविद्यालयों, 5 राजकीय विश्वविद्यालयों को Infrastructure grants के मद में एवं 2 नये Professional (Engineering) कॉलेज खोलने के लिए 352.00 करोड के विभागीय प्रस्ताव स्वीकृत किये गये है, स्वीकृत राशि की प्रथम किस्त 27.00 करोड रूपयें एवं 38.40 करोड रूपयें (केन्द्रीय अंश) राज्य सरकार को प्राप्त हो चुके है।

## नियुक्तियां, पदोन्नतियां, वेतनमान आदि

- माह अप्रेल 2015 से फरवरी 2016 तक की अवधि में मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों के11व्यक्तियों को नियुक्तियां प्रदान की गईं (कनिष्ठ लिपिक–II 2, प्रयोगशाला सहायक–4,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–4 एवं प्रयोगशाला वाहक–1)
- शीघ्र लिपिक के 16, लिपिकि ग्रेड–ाा के 192 एवं प्रयोगशाला सहायक के 175 रिक्त पदों को भरने हेतु अभ्यर्थना राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक चयन बोर्ड, जयपुर को भेजने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन ।
- माह अप्रेल, 2015 से जनवरी, 2016 तक की अवधि में निम्नानुसार विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नानुसार अधिकारी/कर्मचारी लाभान्वित हुए :–

| क्रं.सं. | पद | विभागीय पदोन्नति का वर्ष | लाभान्वितों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य, स्नातकोत्तर महाविद्यालय/ संयुक्त निदेशक | वर्ष 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 | 80 |
| 2 | प्राचार्य, स्नातक महाविद्यालय/ उप निदेशक | वर्ष 2013–14 व 2014–15 | 121 |
| 3 | उपाचार्य | वर्ष 2013–14 व 2014–15 | 161 |
| 4 | वरिष्ठ निजी सहायक | वर्ष 2015–16 | 1 |
| 5 | प्रशासनिक अधिकारी | वर्ष 2015–16 | 3 |
| 6 | कार्यालय अधीक्षक | वर्ष 2015–16 | 18 |

उक्त अवधि में 197 व्याख्याताओं को वरिष्ठ वेतनमान एवं 378 व्याख्याताओं को चयनित वेतनमान स्वीकृत किया गया।

## प्रशिक्षण तथा शोध

- जुलाई 15 से जनवरी 16 तक 344 व्याख्याताओं ने रिफ्रेशर कोर्स (पुनश्चर्या पाठ्यक्रम), 140 व्याख्याताओं ने ओरियन्टेशन कोर्स (अभिमुखी कार्यक्रम) एवं 153 व्याख्याताओं ने शार्ट–टर्म कोर्स पूर्ण किये हैं जिनकी सूचना निम्नानुसार है :–

| क्र.स | आयोजक संस्था का नाम | पाठ्यक्रमों की संख्या | लाभान्वित व्याख्याताओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर | 6+4+5=15 | 198+62+153=413 |
| 2 | ज.ना.व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर | 2+2=04 | 24+63=87 |
| 3 | म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर | 4+1=05 | 102+13=115 |
| 4 | एम.एल.एस. विश्वविद्यालय, उदयपुर | 01 | 17 |
| 4 | राज्य के बाहर | 8+2=10 | 70 |
| | **योग** | **35** | **702** |

अकादमिक सत्र 2015–16 में समस्त विषयों के 2022 व्याख्याताओं ने अन्तर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय कार्यशालाओं/कान्फ्रेन्स/सेमीनार में प्रतिभागिता की।

# उच्च शिक्षा में गुणात्मक विकास

## नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू इन्फॉर्मेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी

राज्य केन्द्र प्रायोजित सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा मिशन में सक्रिय सहभागिता कर रहा है। सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी क्रान्ति ने ज्ञान को सुलभ बनाया है। इसका उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में अत्यन्त उपयोगी हो सकता है। इस दृष्टि से मिशन का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी (इन्फॉर्मेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) के उपयोग को बढ़ावा देना है। इस योजना में उच्च शिक्षण संस्थाओं को असीमित डाउनलोड क्षमता के ब्रॉडबैण्ड कनेक्शन मात्र 25 प्रतिशत शुल्क पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। शेष 75 प्रतिशत राशि केन्द्र द्वारा वहन की जा रही है। बी.एस.एन.एल. इस योजना में सहभागिता कर रहा है। बी.एस.एन.एल. द्वारा अब तक राज्य के 1283 उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए कनेक्शन का प्रावधान किया गया है। राज्य की लगभग 1200 उच्च शैक्षणिक संस्थाएं इस योजना के अन्तर्गत 12,579 ब्रॉडबैण्ड कनेक्शन प्राप्त कर चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा इस हेतु राजकीय महाविद्यालयों को 48.00 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

## मूल्यांकन एवं प्रत्यायन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा महाविद्यालयों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु उच्च शैक्षणिक संस्थानों का अधिदेशात्मक मूल्यांकन एवं प्रत्यायन विनियम 2012 लागू किया गया, जिसकी अनुपालना में आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा द्वारा समस्त पात्र महाविद्यालयों को प्रत्यायन हेतु आवेदन करने हेतु निर्देशित किया गयाहै। विनियम के अनुसार 4 अकादमिक सत्र पूर्ण करने (दो बैच पास होने) पर महाविद्यालय प्रत्यायन हेतु आवेदन कर सकते हैं। राज्य के 148 राजकीय महाविद्यालय प्रत्यायन हेतु आवेदन के पात्र हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय प्रत्यायन की प्रक्रिया में है। पुनः प्रत्यायन में कुल 38 राजकीय महाविद्यालय प्रत्यायित हो चुके हैं तथा राज्य के श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय, सीकर व जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा, मीरा कन्या राजकीय महाविद्यालय, उदयपुर, राजकीय महाविद्यालय, सिरोही एवं राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर ने **'ए'** ग्रेड प्राप्त की है।

## प्रभावी प्रबन्धन

- आयुक्तालय द्वारा प्रतिवर्ष प्रवेश नीति व शैक्षणिक सत्र सारिणी जारी की जाती है। सत्र 2015–16 की नीति समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों पर लागू की गई है। इस नीति में प्रवेश सम्बन्धी नियम यथा प्रवेश हेतु योग्यता, आरक्षण कोटा, वार्षिक अकादमिक कलैण्डर आदि की विस्तृत जानकारी दी जाती है। इस नीति से प्रवेश नियमों में एकरूपता व पारदर्शिता बनी रहती है तथा प्रवेश सम्बन्धी विवाद भी नगण्य रहते हैं।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शैक्षणिक सत्र में 180 शिक्षण दिवसों को सुनिश्चित करने की अनुशंसा की गई है। प्रवेश नीति में महाविद्यालयों हेतु 180 शैक्षणिक दिवसों के लिये कलैण्डर जारी किया जाता है।
- राज्य के विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में परीक्षाएं व प्रवेश नियमित रूप से तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किये गये हैं। राज्य में परीक्षा के बहिष्कार की घटनाएं शून्य/नगण्य हैं।
- इन्टरनेट पर सूचनाएं उपलब्ध करवाने हेतु विभाग की वेबसाइट है जिसका पता निम्नानुसार है–

  http://dce.rajasthan.gov.in

- विभागीय वेबसाइट को सतत व नियमित रूप से अद्यतन रखा जाता है ।
- राजस्थान के समस्त महाविद्यालयों में '**सूचना सैल**' गठित कर दिये गये हैं। वांछित सूचनाओं का संप्रेषण त्वरित गति से संभव करने के लिये समस्त राजकीय महाविद्यालयों में लोक सूचना अधिकारी की नियुक्ति की गई है तथा आयुक्तालय स्तर पर समस्त संयुक्त निदेशकों को लोक सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है।

आयुक्तालयकी विभिन्न शाखाओं द्वारा महाविद्यालयों के सुचारू प्रबन्धन हेतु समय–समय पर उपयोगी निर्देश जारी किये जाते हैं । विभिन्न शाखाओं से महाविद्यालयों के लिए निम्नलिखित विषयों पर निर्देश व सुझाव जारी किये गये हैं:–

- विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने
- पुस्तकालयों के प्रभावी प्रबन्धन
- यू.जी.सी. से पंजीयन प्राप्त करने व अधिकतम् वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु
- वर्षा के जल का संग्रहण
- एन.सी.सी., रेन्जर रोवर तथा एन.एस.एस की गतिविधियां
- सहशैक्षणिक गतिविधियों के संचालन
- परिसर स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण तथा वृक्षारोपण
- रक्तदान, सदवाक्य लेखन एवं बुक बैंक

आयुक्तालय द्वारा सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु एक कलैण्डर जारी किया जाता है, जिसमें महाविद्यालय से लेकर राज्य स्तर तक की गतिविधियों व प्रतियोगिताओं के आयोजन के सम्बन्ध में सभी राजकीय महाविद्यालयों को निर्देश जारी किये जाते हैं ।

### सह–शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर गतिविधियाँ

- महाविद्यालयों में उपलब्ध सह–शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर गतिविधियाँ व अन्य विद्यार्थी उपयोगी सेवाएं निम्नानुसार हैं:–
  - एन.सी.सी.
  - राष्ट्रीय सेवा योजना
  - रोवर स्काउटिंग
  - छात्र परामर्श परिषद्
  - युवा विकास केन्द्र
  - खेलकूद
  - महिला प्रकोष्ठ
  - विभिन्न शैक्षणिक परिषदें
  - सांस्कृतिक गतिविधियाँ
  - प्लेसमेन्ट सैल
  - सूचना प्रकोष्ठ
  - कम्प्यूटर–इन्टरनेट लैब

राज्य में संचालित विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निर्धारित शैक्षणिक कलेण्डर में दी गई समय–सारिणी के अनुसार विभिन्न प्रकार की सह–शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर गतिविधियां संचालित की जाती हैं । इन गतिविधियों में विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु विभिन्न पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

# चुनौतियां एवं भावी योजनाएं

- राष्ट्रीय ज्ञान आयोग की अनुशंसा के अनुसार देश में 1500 विश्वविद्यालयों की आवश्यकता है। राज्य में कुल 69 विश्वविद्यालय तथा 7 विश्वविद्यालयवत संस्थाएं हैं। देश में 2020 तक उच्च शिक्षा में 30 प्रतिशत सकल नामांकन का लक्ष्य रखा गया है। मानव संसाधन मंत्रालय की सूचना के अनुसार 2010 में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन औसत वैश्विक स्तर पर 29 था तथा देश में यह 19.4 था। राजस्थान में यह औसत 18.2 है अतः इस दृष्टि से राज्य में उच्च शिक्षा का प्रसार को जारी रखने की आवश्यकता है।
- वर्ष 2001 में राज्य में प्रति लाख जनसंख्या पर कॉलेज शिक्षा के 0.46 संस्थान थे तथा औसतन 1321 वर्ग किलोमीटर पर एक महाविद्यालय था। सकारात्मक प्रयासों से इस स्थिति में सतत सुधार हो रहा है तथा वर्तमान में प्रतिलाख जनसंख्या पर सामान्य कॉलेज शिक्षा के संस्थानों की संख्या औसतन 2.2हो गई है तथा लगभग 225 वर्ग किलोमीटर पर एक महाविद्यालय है। अभी इस स्थिति में और सुधार करने की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा की पहुंच को भौगोलिक दृष्टि से सुनिश्चित करने तथा जिलों के उन उपखण्ड़ों में महाविद्यालयों की उपलब्धता को बढ़ाने की आवश्यकता है, जहां जनसंख्या के अनुपात में महाविद्यालय नहीं हैं।
- राज्य में उच्च शिक्षा का विस्तार हाल के वर्षों में ही तीव्रता से हुआ है। राज्य के लगभग दो–तिहाई विश्वविद्यालयों की स्थापना पांच वर्षों में हुई है। लगभग 45 प्रतिशत निजी महाविद्यालयों की स्थापना हुए 5 वर्ष या कम व्यतीत हुए हैं तथा लगभग 72 प्रतिशत महाविद्यालयों की स्थापना हुए 10 वर्ष या कम हुए हैं। इन संस्थानों के परिपक्व होने के लिए इनकी आधारभूत संरचना का विकास आवश्यक है।
- अधिकतम विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदान प्राप्ति हेतु 2एफ व 12बी सेक्शन के अन्तर्गत मान्यता दिलवानाएवं मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के विकास के लिए यू.जी.सी. योजनाओं के तहत अधिक से अधिक धनराशि प्राप्त करना ताकि इन महाविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की वृद्धि हो सके।
- अधिकतम् उच्च शिक्षण संस्थानों को प्रत्यायन हेतु प्रोत्साहित करना तथा जिनका प्रत्यायन अवधिपार हो चुका है उन्हें पुनःप्रत्यायन हेतु प्रेरित करना।
- महाविद्यालयों के पुस्तकालयों का आधुनिकीकरण, तथा कम्प्यूटर सुविधा, फोटोस्टेट मशीन, इन्टरनेट कनेक्टिविटी आदि सुविधाओं में वृद्धि।
- सत्र 2017–18 के लिए निजी महाविद्यालयों के अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन ऑन–लाईन स्वीकार किये जाने की योजना तैयार की जा रही है।

## विभाग द्वारा आगामी एक वर्ष (2016–17) में किये जाने वाले कार्यों का विवरण

- संभाग मुख्यालय पर स्थित राजकीय महाविद्यालयों को वाई–फाई पायलेट प्रोजेक्ट से जोड़ा जावेगा।
- राज्य में स्थित राजकीय महाविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की कमी को चरणबद्ध रूप से पूरा किया जावेगा। राजकीय महाविद्यालयों के जर्जर भवनों की मरम्मत एवं सुरक्षा की दृष्टि से चार दीवारी के निर्माण का कार्य चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जावेगा।
- जिन स्नातक स्तर के राजकीय महाविद्यालयों को सुचारू संचालित होते हुए पाँच वर्ष पूर्ण हो गये हैं उनमें स्थानीय माँगके आधार पर चयनित विषयों में स्नातकोत्तर पाठयक्रम संचालित किये जायेगें।
- राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के तहत 100 राजकीय महाविद्यालयों (96 राजकीय सामान्य शिक्षा महाविद्यालय व 4 राजकीय संस्कृत महाविद्यालय) एवं 5 विश्वविद्यालयों को प्राप्त अनुदान राशि द्वारा उनका उन्नयन किया जायेगा तथा उनकी आधारभूत संरचना को सुदृढ किया जावेगा। महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के Equity Initiatives, Faculty Improvement, Research & Innovation Plans प्राप्त कर स्टेट प्लान तैयार कर वित्तीय स्वीकृति हेतु मानव संसाधन विकास विभाग को भेजा जावेगा।
- 70 राजकीय महाविद्यालयों जिनका नैक द्वारा मूल्याकंन शेष है उन्हें मूल्याकंन उपरान्त रूसा की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने हेतु निर्देशित किया जावेगा।
- आगामी वर्ष में राज्य के समस्त विश्वविद्यालय तथा राजकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के प्रवेश से डिग्री प्राप्त होने तक की समस्त प्रक्रिया हेतु एकीकृत ऑनलाईन साफ्टवेयर विकसित करने तथा ई–लर्निग को प्रोत्साहित करने हेतु शिक्षण सामग्री डिजीटल रूप में उपलब्ध करवाने के लिए Rajasthan Higher Education Portal की स्थापना सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की मदद से प्रक्रियाधीन है।
- उच्च शिक्षा को बढावा देने के लिए एवं राजस्थान राज्य में जी.ई.आर.दर में अभिवृद्धि करने के लिए निम्न उपाय किए जावेगे :–
  1. राजस्थान के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में प्रथम वर्ष में आवश्यकतानुसार वर्ग खोले जायेंगे।
  2. आवश्यकतानुसार राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन विषय खोले जावेगे।
  3. आवश्यकतानुसार स्नातक महाविद्यालयो को उन उपखण्डो मे जहां राजकीय /निजी महाविद्यालय नही है वहां प्राथमिकता के आधार पर पी.पी.पी. मोड़ /राजकीय नवीन महाविद्यालय खोले जावेगे।
  4. आवश्यकतानुसार स्नातक महाविद्यालयों को स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में क्रमोन्नत किया जावेगा।
  5. समस्त राजकीय महाविद्यालयों में चरणबद्ध रूप में एकीकृत प्लेटफार्म और व्यापक कम्प्यूटराईजेशन प्रक्रिया प्रारम्भ की जावेगी।
  6. राज्य में उच्च शिक्षा के प्रसार के साथ–साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुनिश्चितता के लिए राजकीय महाविद्यालयों में प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु डायनैमिक ई–क्लासरूम्स की स्थापना सहित 3 प्रकार के नवाचार (ई–क्लास, ई–डिपोजिटरी व वरच्यूअ लैब) हेतु ई–प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है।

## शिक्षण–प्रशिक्षण महाविद्यालय

- वर्ष 2011–12 के बजट में बी.एड. व एम.एड. पाठ्यक्रमों को उच्च शिक्षा के अधीन करने के निर्णय की घोषणा की गई। अप्रेल 2012 में राजस्थान रूल्स ऑफ बिजनस की प्रथम अनुसूची में संशोधन कर बी.एड. पाठ्यक्रम/महाविद्यालयों को शिक्षा (ग्रुप–1) के कार्यों से हटा कर शिक्षा (ग्रुप–4) के कार्यों में शामिल किया गया।
- वर्ष 2012–13 में ही ग्रामीण क्षेत्र के 5 महाविद्यालयों – कालाडेरा, चिमनपुरा, खैरवाड़ा, भोपालगढ़ व नसीराबाद में बी.एड. पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया, जिसके लिएसत्र 2015–16 में राज्य सरकार व NCTE से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जारी किया गया । सत्र 2015–16 से उपरोक्त महाविद्यालयों के बी.एड. संकाय में छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर अध्यापन कार्य प्रारम्भ हो गया।
- राज्य में वर्तमान में कुल 814 (806 निजी व 02IASE (Ajmer & Bikaner) + 01 MDS University, Ajmer + 05 राजकीय महाविद्यालयों में बी.एड. संकायराजकीय क्षेत्र के) शिक्षक–प्रशिक्षण महाविद्यालय संचालित हैं। इन महाविद्यालयो में 543 सहशिक्षा एवं 271 महिला शिक्षक–प्रशिक्षण महाविद्यालय है।
- इन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में स्नातक स्तर की लगभग 93,900 सीटें उपलब्ध हैं।
- राज्य के 42 शिक्षक–प्रशिक्षण महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर के एम.एड पाठ्यक्रम (39निजी 2 राजकीय महाविद्यालय (मा.शि. से संचालित) एवं 01 क्षेत्रीय महाविद्यालय, अजमेर में) संचालित है।

**भावी योजनायें–**

- सत्र 2016–17 से चार वर्षीय बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. इन्टीग्रेटेड कोर्स और तीन वर्षीय बी.एड.एम. एड. इन्टीग्रेटेड कोर्स प्रारम्भ करने की राज्य सरकार द्वारा अनुमति देने का निर्णय।
- सत्र 2016–17 से राज्य में 138 तहसीलें चिन्हित कर शिक्षक–प्रशिक्षक महाविद्यालय प्रारम्भ करने की राज्य सरकार की अनुमति देने का निर्णय।

# एन. सी. सी. निदेशालय

➢ राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना राजस्थान में सन् 1948 में 600 कैडेट्स व 3 इकाईयों के साथ हुई। राजस्थान में एन.सी.सी. निदेशालय 1963 में स्थापित किया गया था। उस समय 14 एन.सी. सी. इकाईयाँ थीं। उत्तरोत्तर विकास से अब राजस्थान के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय के अधीन 4 ग्रुप मुख्यालय एवं 36 एन.सी.सी. इकाईयाँ हैं जिन पर प्रशासनिक नियंत्रण निदेशालय का है। इनमें छात्र इन्फेन्ट्री बटालियन 8, छात्रा इन्फेन्ट्री बटालियन 4, जल सेना इकाई 3, वायु सेना इकाई 4, इण्डेप कम्पनी 6, टेक्निकल एवं अभियांत्रिकी इकाईयाँ 11 हैं। राष्ट्रीय कैडेट कोर कार्यक्रम में पहले केवल सैनिक प्रशिक्षण दिया जाता था लेकिन अब इस सैनिक प्रशिक्षण के साथ–साथ खेलकूद, साहसिक प्रशिक्षण, पर्वतारोहण, हवाई कूद, नौकायन अभियान, साईकिल अभियान तथा समाज सेवा कार्यक्रम आदि का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

➢ रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एन.सी.सी. निदेशालय राजस्थान, जयपुर में एक उप–महानिदेशक एयर कमोडोर रैंक के और एक निदेशक कर्नल रैंक के पदस्थापित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त एक संयुक्त निदेशक, कार्मिक (ले. कर्नल), एक संयुक्त निदेशक, प्रशिक्षण (ले. कर्नल), एक संयुक्त निदेशक, समन्वय (विंग कमान्डर), एक संयुक्त निदेशक,प्रशासनिक (ले. कर्नल) तथा सिविलियन में प्रशासनिक अधिकारी एवं एक वरिष्ठ लेखाधिकारी भी पदस्थापित हैं। इन अधिकारियों के अतिरिक्त राज्य शाखा में राज्य सरकार से अतिरिक्त निदेशक, राजस्थान प्रशासनिक सेवा के हायर सुपर टाइम स्केल का अधिकारी एवं एक वरिष्ठ लेखाधिकारी, राजस्थान लेखा सेवा का तथा एक सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–। पदस्थापित हैं। चार ग्रुप मुख्यालयों में पदस्थापित चार ग्रुप कमाण्डर के अधीन 36 एन.सी.सी. इकाईयाँ राज्य के विभिन्न जिलों में हैं इन इकाईयों में कर्नल रैंक/ले. कर्नल रैंक/मेजर रैंक के कमान अधिकारी पदस्थापित हैं।

इस विभाग में राज्य सरकार की विभिन्न सेवाओं के स्वीकृत पदों की संख्या निम्न प्राकर है :–

**राज्य सरकार की विभिन्न सेवाओं के अन्य पद**

| क्रम सं. | पद | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अतिरिक्त निदेशक आर.ए.एस. | 1 |
| 2 | वरिष्ठ लेखाधिकारी | 1 |
| 3 | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। | 1 |
| | | |
| | | |
| | **योग** | **3** |
| | **अधीनस्थ सेवा के पद** | |
| 1 | सहायक लेखाकाधिकारी ग्रेड–II | 1 |
| 2 | कनिष्ठ लेखाकार | 44 |
| 3 | वाहन चालक | 57 |
| 4 | एयरोमॉडलिंग इन्स्ट्रक्टर | 4 |
| 5 | शिप मॉडलिंग मैकेनिक | 3 |
| 6 | शिप मॉडलिंग स्टोर कीपर | 3 |
| | | |
| | | |
| | | |
| | **योग** | **112** |

| क्रम सं. | मंत्रालयिक सेवा के पद | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| | कार्यालय अधीक्षक सह सहा. प्रशासनिक अधिकारी | 9 |
| | सहायक कार्यालय अधीक्षक | 19 |
| | लिपिक श्रेणी–। | 62 |
| | लिपिक श्रेणी–।। | 69 |
| | स्टेनोग्राफर | 1 |
| | **योग** | **160** |
| | **चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी** | |
| 1 | लश्कर | 224 |
| 2 | फेरियर | 1 |
| 3 | सैडलर | 1 |
| 4 | साईकिल सवार | 19 |
| 5 | चपरासी | 9 |
| 6 | चौकीदार | 44 |
| 7 | बोटकीपर | 6 |
| 8 | स्वीपर | 21 |
| 9 | मसालची | 4 |
| | **योग** | **329** |

## 2015–16 की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

- वर्ष 2015–16के लिए राजस्थान में एन.सी.सी. सीनियर डिवीजन एवं जूनियर डिवीजन में एन.सी.सी. कैडेट्स की संख्या निम्न प्रकार रही है :–

| | सीनियर डिवीज़न | जूनियर डिवीज़न |
|---|---|---|
| अधिकृत संख्या | 16900 | 32993 |
| भर्ती कैडेट्स की संख्या | 16573 | 30353 |

- वर्ष 2015–16 के दौरान परेड में कैडेट्स की प्रतिभागिताः–

| डिवीज़न | थल सेना | जल सेना | वायु सेना | एन.सी.सी. महिला कैडेट्स |
|---|---|---|---|---|
| सीनियर | 76.39% | 70.86% | 67.05% | 77.92% |
| जूनियर | 81.35% | 80.23% | 81.39% | 79.75% |

- वर्ष में सम्पन्न एन.सी.सी. प्रमाण पत्र परीक्षा के परिणाम :–
  राष्ट्रीय कैडेट कोर में निश्चित स्तर पर प्रशिक्षण सम्पूर्ण करने वाले कैडेट्स के लिए प्रत्येक सत्र में विभिन्न प्रकार की प्रमाण–पत्र परीक्षा आयोजित की जाती है। वर्ष 2014–15 में निम्नलिखित परीक्षा सम्पन्न हुई और प्रवेश होने एवं उत्तीर्ण कैडेट्स की संख्या निम्न प्रकार रही :–

| | 'ए' सर्टीफिकेट | | 'बी' सर्टीफिकेट | | 'सी' सर्टीफिकेट | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रवेश संख्या | उत्तीर्ण संख्या | प्रवेश संख्या | उत्तीर्ण संख्या | प्रवेश संख्या | उत्तीर्ण संख्या |
| थल सेना | 6664 | 6380 | 3099 | 2959 | 300 | 287 |
| जल सेना | 1151 | 1046 | 175 | 171 | 10 | 10 |
| वायु सेना | 1421 | 1416 | 225 | 221 | 36 | 35 |
| छात्रा | 661 | 632 | 496 | 484 | 52 | 51 |

- राजस्थान में एन.सी.सी. अधिकारियों (ए.एन.ओ.) एवं कैडेटों के लिए निम्न प्रकार कीविभिन्न सैनिक इकाइयों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु वर्ष 2015–16 तक स्थान आवंटन किये गये तथा उन्होंने संतोषजनक परिणाम प्राप्त किया।

| क्रम सं. | सेना | विवरण | अधिकारी | कैडेट्स |
|---|---|---|---|---|
| 1 | थल सेना | आवंटित की संख्या | 16 | 792 |
| | | भाग लेने वालों की संख्या | 11 | 618 |
| 2 | जल सेना | आवंटित की संख्या | 01 | 07 |
| | | भाग लेने वालों की संख्या | 01 | 07 |
| 3 | वायु सेना | आवंटित की संख्या | 01 | 26 |
| | | भाग लेने वालों की संख्या | 01 | 26 |

- जल, थल, एवं वायु सेना से सम्बन्धित एन.सी.सी. कैडेट्स का विभिन्न वार्षिक प्रशिक्षण शिविरों में मूल्यांकन होता है जिसमें साहसिक जीवन, सामूहिक आवास, सामाजिक सेवा एवं प्रशिक्षण आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

वर्ष 2015–16 में जल सेना डिवीज़न ने 4, थल सेना डिवीज़न ने 33, वायु सेना डिवीज़न ने 4 व छात्रा डिवीज़न ने 3शिविर लगाये जिनमें 19901 कैडेट्स ने भाग लिया।

- एन.सी.सी. के छात्र/छात्राओं द्वारा राइफल .22 एसडी व जेडी, राइफल 7.62 एसडी तथाराइफल .22 जेडी व 12 बोरसे 3411 फायर किये गये।
- वर्ष 2015–16 में एयर स्क्वाड्रन एन.सी.सी. के कैडेट्स द्वारा विभिन्न प्रकार के 80 मॉडल तैयार किये गये।
- वार्षिक शिविरों के अतिरिक्त महानिदेशालय, नई दिल्ली द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्राओं की संख्या निम्नानुसार थीः–

| शिविर का नाम | छात्र | छात्रा |
|---|---|---|
| थल सैनिक शिविर | 40 | 40 |
| वायु सैनिक शिविर | 28 | 14 |
| नौ सैनिक शिविर | 18 | 12 |
| नेशनल इन्टीग्रेशन शिविर | 678 | 414 |
| एडवांस लीडरशिप/वायु सैनिक शिविर/रॉक क्लाइम्बिंग ट्रेनिंग कैम्प | 131 | 131 |
| ऑल इन्डिया ट्रेक | 1409 | 1347 |
| यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम | 03 | 02 |
| रिपब्लिक डे कैम्प | 68 | 88 |
| अटैचमेन्ट | 598 | 20 |

- सामाजिक कार्य :–

6698 एन.सी.सी. कैडेट्स ने निम्नाकिंत अभियानों में भाग लिया :–

| | |
|---|---|
| पल्स पोलियो प्रोग्राम | – जनवरी एवं फरवरी 2015 |
| स्वच्छ भारत अभियान | – अक्टूबर 2015 |
| Earth Day | – 22 अप्रेल 2015 |
| विश्व पर्यावरण दिवस | – 05 जून 2015 |
| अर्न्तराष्ट्रीय योगा दिवस | – 21 जून 2015 |
| Drug Abuse and Illicit Trafficking Rally | – 26 जून 2015 |
| विश्व हृदय दिवस | – 29 सितम्बर 2015 |

## निष्पादन आय–व्यय अनुमान (राशि लाख रु. में)

| क्र. स. | बजट मद संख्या | लेखा वर्ष 2015–16 | |
|---|---|---|---|
| | | आयोजना भिन्न | आयोजना |
| 1 | 24–2204–102(01)(01)(02) | 2496.26 | 301.05 |
| 2 | 30–2204–796–03 (01)(02) | 3.50 | – |
| | **योग** | **2499.76** | **301.05** |

- साहस, शौर्य, अनुशासन और कर्तव्य का उद्घोष करते हुए देश की तरूनाई एन.सी.सी. कैडेट्स के रूप में कर्तव्य पथ पर अग्रसर है। सन् 1948 से स्कूल व कॉलेजों में छात्र–छात्राओं के लिए प्रारम्भ इस योजना के कारण सम्बन्धित छात्र–छात्राओं ने जहाँ अपने आपको अनुशासन पालन में समर्पित किया वहीं दूसरी ओर सृजनात्मक, रचनात्मक, सामाजिक कार्यों में भी उनका योगदान रहा है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना

- राष्ट्रीय सेवा योजना का शुभारम्भ पूज्य महात्मा गांधी जी के जन्मशती वर्ष 1969 में पूरे देश में किया गया।
- राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य समाज सेवा के माध्यम से छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास का है । इस योजना का ध्येय वाक्य (Motto) है –**'मै नहीं आप'** (Not Me But You)
- राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत प्रदेश के चुने हुये विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं '**+2 स्तर**' के सीनियर सैकण्डरी के विद्यालयों में साक्षरता, रोजगार, एड्स जागरूकता, मतदाता जागरूकता, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने एवं श्रमदान संबंधी कार्य करवाये जाते हैं।
- इस योजना के क्रियान्वयन के लिये प्रत्येक संस्था द्वारा 100 स्वयंसेवकों का पंजीकरण कर एक इकाई का गठन किया जाता है जिसके प्रभारी के रूप में एक संकाय सदस्य को कार्यक्रम अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है।
- इस योजना के अन्तर्गत दो प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होता है– नियमित गतिविधियाँ तथा 7 दिवसीय विशेष शिविर। इन गतिविधियों के अन्तर्गत एक स्वयं सेवक को दो वर्ष के अध्ययनकाल में 240 घण्टे सामाजिक कार्य एवं एक सात दिवसीय विशेष शिविर में भाग लेना होता है।
- योजना के प्रारम्भ में राजस्थान को 266 स्वयंसेवकों की संख्या आवन्टित की गई थी। वर्ष 2015–16 में यह संख्या 1,75,700 आवन्टित की गई है।
- इकाइयों का विभाजन निम्नानुसार किया गया है:–

| | संस्थाएँ | इकाइयाँ | स्वयंसेवक |
|---|---|---|---|
| उच्च शिक्षा (आयुक्तालय स्तर) | 517 | 874 | 87400 |
| + 2 स्तर माध्यमिक शिक्षा | 773 | 773 | 77300 |
| विश्वविद्यालय स्तर पर | 17 | 110 | 11000 |
| योग | 1307 | 1757 | 175700 |

## बजट प्रावधान

- राष्ट्रीय सेवा योजना केन्द्र प्रवर्तित योजना है, जिसमें 7:5 के अनुपात में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा बजट आवंटित किया जाता है ।
- सत्र 2015–16 में बजट प्रावधान निम्नानुसार है : –

| **मद** | **योग** |
|---|---|
| केन्द्रीयांश | 558.00 लाख रुपये |
| राज्य आयोजना मद | 400.00 लाख रुपये |
| **योग** | **958.00 लाख रुपये** |

- बजट प्रावधान एवं व्यय विवरण (राशि रु. में)

| **वर्ष** | **बजट प्रावधान** | | **व्यय** | |
|---|---|---|---|---|
| | **सीएसएस** | **प्लान** | **सीएसएस** | **प्लान** |
| 2008–09 | 3,14,00,000 | 2,23,00,000 | 3,09,40,000 | 2,21,00,417 |
| 2009–10 | 3,40,00,000 | 2,43,00,000 | 3,17,54,334 | 2,26,81,666 |
| 2010–11 | 3,50,00,000 | 2,50,00,000 | 2,10,68,830 | 1,50,49,170 |
| 2011–12 | 4,87,00,000 | 3,48,50,000 | 3,50,84,383 | 2,50,60,274 |
| 2012–13 | 5,00,00,000 | 3,60,00,000 | 3,82,76,874 | 2,73,40,626 |
| 2013–14 | 5,28,00,000 | 3,80,00,000 | 2,90,23,751 | 2,07,31,249 |
| 2014–15 | 5,48,00,000 | 3,90,00,000 | 4,14,76,459 | 2,96,26,041 |
| 2015–16 | 5,58,00,000 | 4,00,00,000 | भारत सरकार से वर्ष 2015–16 का अनुदान आदिनांक प्राप्त नहीं होने के कारण अनुदान जारी नहीं किया गया है। | |

- प्रति इकाई आवन्टन 45 हजार रुपये है, जिसमें 22,500 रु. नियमित गतिविधियों के लिए तथा 22,500 रु. विशेष शिविर आयोजन हेतु नियत हैं। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, निदेशालय माध्यमिक शिक्षा एवं विश्वविद्यालय स्तर पर समन्वयक प्रकोष्ठ स्थापित किये गये हैं जिनके माध्यम से विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों तथा +2 स्तर के विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों का संचालन होता है ।
- भारत सरकार के शत–प्रतिशत अनुदान के आधार पर शासन सचिवालय में एन.एस.एस. प्रकोष्ठ स्थापित है, जिसमें एक राज्य सम्पर्क अधिकारी एवं 7 अन्य कर्मचारी कार्यरत है।
- उच्च शिक्षा विभाग में उक्त प्रकोष्ठ शिक्षा (ग्रुप–4 अ) विभाग के माध्यम से एन.एस.एस. गतिविधियों का सम्पादन करवाया जाता है। विभाग द्वारा विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं +2 के समन्वयक को बजट आवन्टन करना, लेखे प्राप्त करना, राज्य स्तरीय आयोजन करवाना, राज्य सलाहकार समिति की बैठक करवाना, भारत सरकार के नवीनतम निर्देशों की अनुपालना करवाना, एन.एस.एस. इकाइयाँ आवंटित करना, संस्था स्तर पर नियमित गतिविधियाँ एवं विशेष शिविरों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन करना एवं स्वयंसेवकों को समाज सेवा, एड्स जागरूकता, पर्यावरण, रक्तदान, साक्षरता, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य अभियानों, सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता, मतदाता जागरूकता, नरेगा, हरित राजस्थान आदि कार्यो से जोड़ना एवं आवश्यक दिशा निर्देश जारी करना मुख्य कार्य हैं।

**राजस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों की नामांकन स्थिति**

| वर्ष | इकाई आवन्टन | | | वास्तविक नामांकन कुल स्वयंसेवक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | उच्च शिक्षा | +2 स्तर | योग | उच्च शिक्षा | +2 स्तर | योग |
| 2009–10 | 967 | 790 | 1757 | 95140 | 81035 | 176175 |
| 2010–11 | 967 | 790 | 1757 | 96890 | 79000 | 175890 |
| 2011–12 | 984 | 773 | 1757 | 98400 | 77300 | 175700 |
| 2012–13 | 984 | 773 | 1757 | 99300 | 77300 | 176600 |
| 2013–14 | 984 | 773 | 1757 | 99500 | 77300 | 176800 |
| 2014–15 | 984 | 773 | 1757 | 98761 | 77300 | 176061 |
| 2015–16 | 984 | 773 | 1757 | 98761 | 77300 | 176061 |

- भारत सरकार के निर्देशानुसार इस योजना की क्रियान्विति हेतु एक राज्य स्तरीय सलाहकार समिति गठित है जिसके अध्यक्ष माननीय उच्च शिक्षा मंत्री महोदय हैं। इस समिति के अन्य सदस्य विश्वविद्यालयों के कुलपति, उच्च शिक्षा सचिव, भारत सरकार के प्रादेशिक केन्द्र के सहायक कार्यक्रम सलाहकार, निदेशक/आयुक्त कॉलेज शिक्षा, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, सभी कार्यक्रम समन्वयक, पंचायत राज एवं समाज से जुड़ी हुई एजेन्सी के प्रतिनिधि भारत सरकार के प्रतिनिधि हैं। राज्य सम्पर्क अधिकारी इस समिति के सदस्य सचिव हैं।

**वर्ष 2015–16 में इकाई आवन्टन की स्थिति**

| संस्था | संस्थाओं की संख्या | इकाइयाँ | | योग |
|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्राएँ | |
| विश्वविद्यालय | 17 | 73 | 37 | 110 |
| राजकीय महाविद्यालय | 127 | 233 | 75 | 308 |
| गैर–राजकीय महाविद्यालय | 264 | 289 | 211 | 500 |
| अभियान्त्रिकी महाविद्यालय | 26 | 27 | 5 | 32 |
| पॉलीटेक्नीक महाविद्यालय | 6 | 6 | – | 6 |
| आयुर्वेदिक व नर्सिंग महाविद्यालय | 2 | 2 | – | 2 |
| विधि महाविद्यालय | 10 | 12 | – | 12 |
| संस्कृत महाविद्यालय | 11 | 11 | – | 11 |
| सामाजिक कार्य संस्थान | 1 | 1 | – | 1 |
| ग्रामीण संस्थान | 2 | 2 | – | 2 |
| **योग** | **466** | **656** | **328** | **984** |
| + 2 स्तर के विद्यालय | **773** | **505** | **268** | **773** |
| **महायोग** | **1239** | **1161** | **596** | **1757** |

## राष्ट्रीय सेवा योजना की वर्षवार नामांकन स्थिति

| वर्ष | संस्थान | इकाई आवन्टन | | | नामांकन स्वयंसेवक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्रा | योग | छात्र | छात्रा | योग |
| 2009–10 | 1318 | 1187 | 570 | 1757 | 118375 | 57800 | 176175 |
| 2010–11 | 1320 | 1183 | 574 | 1757 | 118400 | 57490 | 175890 |
| 2011–12 | 1311 | 1183 | 574 | 1757 | 118200 | 57500 | 175700 |
| 2012–13 | 1307 | 1183 | 574 | 1757 | 118200 | 57500 | 175700 |
| 2013–14 | 1239 | 1161 | 596 | 1757 | 118200 | 57500 | 175700 |
| 2014–15 | 1239 | 1161 | 596 | 1757 | 118200 | 57500 | 175700 |
| 2015–16 | 1239 | 1161 | 596 | 1757 | 118200 | 57500 | 175700 |

## 2015–16 की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

### संभाग स्तरीय आयोजनः

- **कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला–**संभागशः कार्यशालाओं **(विषय– सड़क सुरक्षा एवं स्व–अनुशासन)** का आयोजन निम्नानुसार किया गया

| क्र.सं. | सम्भाग | आयोजक महाविद्यालय एवं सम्भाग | आयोजन तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर सम्भाग | राजकीय कन्या महा., भीलवाड़ा | 16.10.2015 |
| 2 | बीकानेर सम्भाग | राजकीय महा., सुजानगढ़ | 15.10.2015 |
| 3 | जयपुर सम्भाग–<br>जिला जयपुर<br>जिला सीकर, झुन्झुनूं<br>जिला अलवर, दौसा | <br>राजकीय महाविद्यालय, चिमनपुरा<br>राजकीय महाविद्यालय, खेतड़ी<br>राजकीय महाविद्यालय, बहरोड़ | <br>15.10.2015<br>15.10.2015<br>15.10.2015 |
| 4 | कोटा सम्भाग | राजकीय महा., कोटा | 19.10.2015 |
| 5 | उदयपुर सम्भाग | राज. महा., डूंगरपुर | 15.10.2015 |
| 6 | जोधपुर सम्भाग | राजकीय महा., जोधपुर | 15.10.2015 |
| 7 | भरतपुर सम्भाग | राजकीय महाविद्यालय, धौलपुर | 15.10.2015 |
| | | | |

इन कार्यशालाओ में प्रति महाविद्यालय एक कार्यक्रम अधिकारी, प्रति इकाई दो स्वयंसेवकों एवं नागरिकों ने भाग लिया तथा सम्बन्धित विषयों पर विद्वानों द्वारा जनजागरण की दृष्टि से ज्ञानवर्धक एवं व्यावहारिक चर्चा की गई।

- **कार्यक्रम अधिकारियों के लिए दो दिवसीय सम्मेलन/कार्यशाला** :– राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों के लिए दो दिवसीय सम्भागस्तरीय कार्यशाला/सम्मेलन का आयोजन किया जाता

है। इस कार्यशाला में कार्यक्रम अधिकारियों के साथ अनेक विषयों पर गहन चर्चा–परिचर्चा होती है तथा विभिन्न विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है। वर्ष 2015–16 में दो दिवसीय कार्यशाला/सम्मेलन का आयोजन निम्नानुसार किया गया :–

| क्र.सं. | सम्भाग | आयोजक महाविद्यालय | आयोजन तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर सम्भाग | राजकीय महाविद्यालय, टोंक | 1 व 2 दिसम्बर, 2015 |
| 2 | बीकानेर सम्भाग | राजकीय महाविद्यालय, तारानगर | 1 व 2 दिसम्बर, 2015 |
| 3 | **जयपुर सम्भाग–**<br>जिला जयपुर<br>जिला सीकर, झुन्झुनूं<br>जिला अलवर, दौसा | <br>राजकीय महाविद्यालय, कोटपुतली<br>राजकीय महाविद्यालय, झुन्झुनूं<br>राजकीय कन्या महाविद्यालय, दौसा | <br>2 व 3 दिसम्बर, 2015<br>3 व 4 दिसम्बर, 2015<br>3 व 4 दिसम्बर, 2015 |
| 4 | कोटा सम्भाग | राजकीय महाविद्यालय, बारां | 1 व 2 दिसम्बर, 2015 |
| 5 | उदयपुर सम्भाग | राजकीय महाविद्यालय, नाथद्वारा | 11 व 12 दिसम्बर, 2015 |
| 6 | जोधपुर सम्भाग | राजकीय महाविद्यालय, जैसलमेर | 22 व 23 दिसम्बर, 2015 |
| 7 | भरतपुर सम्भाग | एम.एस.जे. महाविद्यालय., भरतपुर | 4 व 5 दिसम्बर, 2015 |

- **परियोजना निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण – (Project preparation & Power Point Presentation) (विषय– स्वरोजगार, स्वच्छ भारत, भारतीय संस्कृति आधारित विकास, रक्तदान, वृक्षारोपण)** :– राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए प्रति महाविद्यालय से एक स्वयंसेवक को प्रस्तुतीकरण हेतु बुलाया गया तथा वर्ष 2015–16 में निम्नानुसार आयोजन किया गयाः–

| क्र.सं. | सम्भाग | आयोजक महाविद्यालय | आयोजन तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर सम्भाग | राजकीय महा., ब्यावर | 26 अक्टूबर, 2015 |
| 2 | बीकानेर सम्भाग | राजकीय महा., बीकानेर | 26 अक्टूबर, 2015 |
| 3 | **जयपुर सम्भाग–**<br>जिला जयपुर<br>जिला सीकर, झुन्झुनूं<br>जिला अलवर, दौसा | <br>स्टैनी मैमोरियल कॉलेज, जयपुर<br>राजकीय महा., सीकर<br>राजकीय कन्या महाविद्यालय, अलवर | <br>28 अक्टूबर, 2015<br>28 अक्टूबर, 2015<br>28 अक्टूबर, 2015 |
| 4 | कोटा सम्भाग | राजकीय महा., बून्दी | 02 नवम्बर, 2015 |
| 5 | उदयपुर सम्भाग | राज. महा., बांसवाडा | 28 अक्टूबर, 2015 |
| 6 | जोधपुर सम्भाग | राजकीय महा., सिरोही | 31 अक्टूबर, 2015 |
| 7 | भरतपुर सम्भाग | राजकीय महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर | 02 नवम्बर, 2015 |

- **लघु नाटिका/नुक्कड़ नाटक (विषय– 1. सड़क सुरक्षा और युवा, 2. सोशियल मीडिया एवं सामाजिक सद्भाव, 3. नागरिक बोध (Civic sense)** :– राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए **एक महाविद्यालय से एक ग्रुप (2–5 स्वयंसेवक को) लघु नाटिका/नुक्कड़ नाटक** में बुलाया गया। वर्ष 2015–16 में निम्नानुसार आयोजन किया गयाः–

| क्र.सं. | सम्भाग | आयोजक महाविद्यालय | आयोजन तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर सम्भाग | राजकीय महा., अजमेर | 16 नवम्बर, 2015 |
| 2 | बीकानेर सम्भाग | राजकीय कन्या महा., श्रीगंगानगर | 20 नवम्बर, 2015 |
| 3 | **जयपुर सम्भाग–**<br>जिला जयपुर<br>जिला सीकर, झुन्झुनूं<br>जिला अलवर, दौसा | <br>बियानी कन्या महा., जयपुर<br>एम.डी. बालिका विज्ञान महा., झुन्झुनुं<br>राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर | <br>17 नवम्बर, 2015<br>27 नवम्बर, 2015<br>18 नवम्बर, 2015 |
| 4 | कोटा सम्भाग | राजकीय वाणिज्य महा., कोटा | 16 नवम्बर, 2015 |
| 5 | उदयपुर सम्भाग | राज. महा., चित्तौड़गढ़ | 27 नवम्बर, 2015 |
| 6 | जोधपुर सम्भाग | राजकीय महा., पाली | 16 नवम्बर, 2015 |
| 7 | भरतपुर सम्भाग | राजकीय कन्या महा., भरतपुर | 16 नवम्बर, 2015 |

- **राज्य–स्तरीय आयोजन–**

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा संभाग स्तर पर विजयी हुये स्वयंसेवकों के लिए वर्ष 2015–16 में निम्नानुसार राज्य–स्तरीय आयोजन किया गया–

| क्र.सं. | आयोजन | आयोजक महाविद्यालय | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना प्रस्तुतिकरण | टैगोर कन्या महाविद्यालय, वैशाली नगर, जयपुर | 05 जनवरी 2016 |
| 2 | लघु नाटिका/नुक्कड नाटक | सैण्ट विलफ्रेड महा., मानसरोवर, जयपुर | 06 जनवरी 2016 |

- **राज्य–स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार**

निदेशक, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान द्वारा वर्ष 2000–01 से राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को सम्मानित किया जाता है। वर्ष 2014–15 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 04 संस्थाओं, 06 कार्यक्रम अधिकारियों एवं 12 स्वयंसेवकों का चयन किया गया। इस हेतु राज्य–स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह एस.एस. जैन सुबोध कन्या महाविद्यालय, सांगानेर जयपुर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

**अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम**

1. **प्री.आर.डी. कैम्प–** दिनांक 25 सितम्बर से 4 अक्टूबर 2015 के मध्य प्री.आर.डी. कैम्प का आयोजन विश्व भारती पी.जी. कॉलेज, सीकर में आयोजित किया गया। इसमें 68 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

2. **आर.डी. कैम्प–** दिनांक 1–31 जनवरी 2016 को नई दिल्ली में आयोजित कैम्प में राज्य के 11 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

3. **इन्दिरा गांधी एन.एस.एस. अवार्ड :–**भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष एन.एस.एस. इन्दिरा गांधी अवार्ड प्रदान किये जाते हैं। वर्ष 2014–15 हेतु राजस्थान से श्री रामनिरंजन शर्मा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर एवं श्री अन्शुल गौड, एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. महाविद्यालय, जयपुर ने इन्दिरा गांधी एन.एस.एस. अवार्डप्राप्त किया।

4. **अन्य कार्यक्रमः–**दो एडवेंचर कैम्प में 53 एवं 2 नेशनल इंटीग्रेशन कैम्प में 22 स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। 20वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव, रायपुर (छत्तीसगढ़) में 42 स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। इंदौर में आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम में 20 कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। अन्तराष्ट्रीय युवा एक्सचेंज कार्यक्रम कम्बोडिया में 1 स्वयंसेवक ने भाग लिया।

## राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड

- 1907 मे बेडन पावेल द्वारा एक प्रायोगिक शिविर से अंकुरित स्काउट कार्यक्रम आज विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा आन्दोलन बन गया है जो विश्व के 216 राष्ट्र एवं उपनिवेशों मे अपनी शाखाएं फैला चुका है।
- स्काउट गाइड गतिविधि के अन्तर्गत 16 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के युवक–युवतियों के लिए संचालित गतिविधि को रोवरिंग/रेंजरिंग के नाम से सम्बोधित किया जाता है। युवकों को रोवर और युवतियों को रेंजर कहा जाता है।
- राजस्थान प्रदेश के महाविद्यालयों में इस गतिविधि को बढ़ावा देने के प्रयासों के परिणाामस्वरूप संगठन से जुड़े महाविद्यालय की संख्या 1079 हो गई है।
- सत्र 2015–16 में अधिकांश महाविद्यालयों को रोवरिंग/रेंजरिंग गतिविधि से जोड़ने का सफल प्रयास किया गया है।
- **संख्यात्मक स्थिति**

| क्र.स. | मण्डल | 2014–15 | | 2015–16 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कू | टीम | कू | टीम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | अजमेर | 16 | 02 | 06 | 01 |
| 02 | भरतपुर | 11 | 04 | 13 | 06 |
| 03 | बीकानेर | 27 | – | 13 | 05 |
| 04 | जयपुर | 36 | 25 | 21 | 13 |
| 05 | जोधपुर | 26 | 21 | 16 | 08 |
| 06 | कोटा | 15 | 14 | 10 | 06 |
| 07 | उदयपुर | **15** | 13 | 11 | 08 |
| | **कुल** | **146** | **79** | **90** | **47** |

**नोटः उपरोक्त सारणी में उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं स्वतंत्र क्रू टीम ईकाईया भी सम्मिलित है।**

- **गुणात्मक प्रगति** : रोवरिंग/रेंजरिंग में प्रवेश के पश्चात प्रगतिशील प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाता है तथा उन्हें विभिन्न प्रकार के योग्यता बैज एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। रोवर/रेंजर की योग्यता वृद्धि का सत्र 2014–15 व 2015–16 का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | मण्डल | 2014–15 | | | | | | 2015–16 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रवीण | | निपुण | | राष्ट्रपति | | प्रवीण | | निपुण | | राष्ट्रपति | |
| | | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 01 | अजमेर | 260 | 108 | 44 | 37 | – | 01 | 286 | 120 | 15 | – | 18 | 09 |
| 02 | भरतपुर | 84 | 136 | 03 | 05 | – | – | 91 | 150 | 25 | 05 | 02 | – |
| 03 | बीकानेर | 310 | 159 | 113 | 37 | 04 | – | 341 | 175 | 13 | 05 | 15 | 10 |
| 04 | जयपुर | 284 | 141 | 91 | 61 | 05 | 05 | 302 | 155 | 17 | 03 | 27 | 15 |
| 05 | जोधपुर | 393 | 214 | 112 | 39 | 06 | 04 | 432 | 234 | 17 | 27 | 15 | 03 |
| 06 | कोटा | 267 | 144 | 106 | 71 | 01 | – | 290 | 158 | 19 | 11 | 11 | 06 |
| 07 | उदयपुर | 184 | 126 | 77 | 45 | – | 03 | 200 | 136 | 26 | 07 | 15 | 15 |
| | **योग** | **1782** | **1028** | **546** | **295** | **16** | **13** | **1942** | **1130** | **132** | **58** | **103** | **58** |

- **<u>उपराष्ट्रपति शील्ड प्रतियोगिता अवार्ड पंजीकरण</u> :–**

सामुदायिक विकास के क्षेत्र में रोवर/रेंजर यूनिट्स द्वारा उपराष्ट्रपति शील्ड अवार्ड के अन्तर्गत सामुदायिक विकास का कार्य किया जाता है। इस प्रतियोगिता में पंजीकृत कू/टीम को उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र एवं शील्ड प्रदान किये जाते हैं। वर्ष 2015–16 में उक्त प्रतियोगिता में पंजीकरण की स्थिति निम्नानुसार है :–

| क्र.स. | मण्डल | 2015–16 | |
|---|---|---|---|
| | | कू | टीम |
| 01 | अजमेर | 30 | 15 |
| 02 | भरतपुर | 22 | 06 |
| 03 | बीकानेर | 13 | 20 |
| 04 | जयपुर | 42 | 24 |
| 05 | जोधपुर | 46 | 37 |
| 06 | कोटा | 32 | 12 |
| 07 | उदयपुर | **35** | 25 |
| | **कुल** | **284** | **139** |

- **<u>अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ</u> :–**

प्रदेश से महाविद्यालय शिक्षा से राष्ट्र से बाहर स्काउटिंग–गाईडिंग गतिविधियों में सहभागिता कर प्रदेश का नेतृत्व किया।

- **<u>बेसिक कोर्स</u>**

महाविद्यालयों में रोवरिंग/रेंजरिंग गतिविधि को प्रारम्भ करने हेतु प्रशिक्षित रोवर/रेंजर लीडर की आवश्यकता होती है। इसके लिए स्काउट/गाइड संगठन द्वारा 7 दिवसीय रोवर/रेंजर लीडर आवासीय बेसिक कोर्स आयोजित किये जाते है। सत्र 2015–16 में संभाग स्तर पर रोवर/रेंजर लीडर बेसिक कोर्सों का विवरण निम्नानुसार है :–

**(रोवर विभाग)**

| क्र. स. | गतिविधि का नाम | तिथि | स्थान | संभागी संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजमेर | भरतपुर | बीकानेर | जयपुर | जोधपुर | कोटा | उदयपुर | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 01 | रोवर लीडर बेसिक कोर्स | 27.7.15 से 02.08.15 | चौपासनी, जोधपुर | – | – | – | – | 13 | – | – | 13 |
| 02 | रोवर लीडर बेसिक कोर्स | 15.09.15 से 21.09.15 | चौपासनी, जोधपुर | – | – | – | – | 19 | – | – | 19 |
| 03 | रोवर लीडर बेसिक कोर्स | 19.11.15 से 25.11.15 | आबू पर्वत | 01 | 09 | 12 | 16 | 12 | 03 | 03 | 56 |

**(रेंजर विभाग)**

| क्र. स. | गतिविधि का नाम | तिथि | स्थान | संभागी संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजमेर | भरतपुर | बीकानेर | जयपुर | जोधपुर | कोटा | उदयपुर | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 01 | रेंजर लीडर बेसिक कोर्स | 27.10.15 से 02.11.15 | आबू पर्वत | 01 | 03 | 08 | 11 | 03 | 01 | 04 | 29 |

- **एडवांस कोर्स** :–

एडवांस प्रशिक्षण प्राप्त रोवर/रेंजर लीडर की युनिट के रोवर/रेंजर को भी राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करने हेतु चयनित किया जाता है। इस उद्देश्य से बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त रोवर/रेंजर लीडर को सात दिवसीय आवासीय राज्य स्तरीय रोवर/रेंजर लीडर एडवांस प्रशिक्षण आयोजित किये जाते हैं। वर्ष 2015–16 में आयोजित एडवांस प्रशिक्षण की स्थिति निम्नानुसार है :–

**(रोवर विभाग)**

| क्र. स. | गतिविधि का नाम | तिथि | स्थान | संभागी संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजमेर | भरतपुर | बीकानेर | जयपुर | जोधपुर | कोटा | उदयपुर | योग |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** | **11** | **12** |
| 01 | रोवर लीडर एडवांस कोर्स | 19.11.15 से 25.11.15 | आबू पर्वत | 0 | 02 | 01 | 04 | 04 | 01 | 02 | 14 |

**(रेंजर विभाग)**

| क्र. स. | गतिविधि का नाम | तिथि | स्थान | संभागी संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजमेर | भरतपुर | बीकानेर | जयपुर | जोधपुर | कोटा | उदयपुर | योग |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** | **11** | **12** |
| 01 | रेंजर लीडर एडवांस कोर्स | 27.10.15 से 02.11.15 | आबू पर्वत | 02 | – | 03 | 05 | 01 | – | 01 | 12 |

- **गतिविधियां**–रोवर/रेंजर्स यूनिट द्वारा वर्षपर्यन्त स्थानीय, जिला व मण्डल स्तर पर आयोजित विशिष्ट गतिविधियों में सक्रियतापूर्वक सहभागिता की जाती है।
  - **मेलों में सेवा :–** संभाग स्तर पर आयोजित प्रदेश के बड़े मेले यथा– अजमेर का पुष्कर/उर्स का मेला, बीकानेर का कोलायत व गोगामेडी मेला, भरतपुर का गणेश मेला, केलादेवी मेला, मचकुण्ड मेला, जयपुर का खाटू श्याम मेला, भर्तृहरि मेला, गणगौर मेला, तीज माता का मेला, जैसलमेर का रामदेवरा मेला, कोटा का दशहरा मेला, गणेश विसर्जन, डूँगरपुर का बेणेश्वर मेला आदि में रोवर्स/रेंजर्स द्वारा सेवाएं दी जाती हैं।
  - **ब्लड डोनेशन** :–इस वर्ष सभी संभागीय स्तर पर रक्त मित्रोत्सव के रूप में विशेष आयोजन किया गया। सम्पूर्ण राज्य से रोवर्स/रेंजर्स द्वारा 151 यूनिट रक्तदान कर रक्तमित्रोत्सव कार्यक्रम किया गया।
  - इसके अतिरिक्त वृक्षारोपण, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, यातायात नियंत्रण, तम्बाकू निषेध, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, साक्षरता, अस्पतालों में सेवाकार्य, एड्स चेतना कार्यक्रम आदि में रोवर/रेंजर्स यूनिट द्वारा सक्रिय सेवायें प्रदान की जाती है।
  - वर्ष 2015–16 में दिनाँक 03.09.15 से 07.09.15 तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र आबू पर्वत नं0 01 पर निपूर्ण रोवर/रेंजर प्रशिक्षण शिविर एवं राष्ट्रपति रोवर/रेंजर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विवरण निम्नानुसार है :–

(रोवर विभाग)

| क्र. स. | गतिविधि का नाम | तिथि | स्थान | संभागी संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजमेर | भरतपुर | बीकानेर | जयपुर | जोधपुर | कोटा | उदयपुर | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 01 | निपूर्ण रोवर प्रशिक्षण शिविर | 03.09.15 से 07.09.15 | आबू पर्वत नं0 01 | 15 | 25 | 13 | 17 | 17 | 19 | 26 | 132 |
| 02 | राष्ट्रपति रोवर प्रशिक्षण शिविर | 03.09.15 से 07.09.15 | आबू पर्वत नं0 01 | 18 | 02 | 15 | 27 | 15 | 11 | 15 | 103 |

(रेंजर विभाग)

| क्र. स. | गतिविधि का नाम | तिथि | स्थान | संभागी संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजमेर | भरतपुर | बीकानेर | जयपुर | जोधपुर | कोटा | उदयपुर | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 01 | निपूर्ण रेंजर प्रशिक्षण शिविर | 03.09.15 से 07.09.15 | आबू पर्वत नं0 01 | — | 05 | 05 | 03 | 27 | 11 | 07 | 58 |
| 02 | राष्ट्रपति रेंजर प्रशिक्षण शिविर | 03.09.15 से 07.09.15 | आबू पर्वत नं0 01 | 09 | — | 10 | 15 | 03 | 06 | 15 | 58 |

वर्ष 2014–15 व 2015–16 की प्रशिक्षण गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. सं. | मण्डल | 2014–15 | | | | | | | | 2015–16 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रवीण प्रशिक्षण | | निपुण प्रशिक्षण | | प्रवीण अभिशंषा | | निपुण अभिशंषा | | प्रवीण प्रशिक्षण | | निपुण प्रशिक्षण | | प्रवीण अभिशंषा | | निपुण अभिशंषा | |
| | | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर | रोवर | रेंजर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 01 | अजमेर | 175 | 90 | 05 | 04 | 120 | 75 | 05 | 04 | 205 | 102 | 11 | 10 | 131 | 95 | 11 | 10 |
| 02 | भरतपुर | 115 | 35 | 06 | 0 | 75 | 25 | 06 | 0 | 125 | 45 | 17 | 05 | 94 | 55 | 17 | 05 |
| 03 | बीकानेर | 285 | 110 | 17 | 11 | 160 | 78 | 17 | 11 | 302 | 125 | 25 | 19 | 185 | 88 | 25 | 19 |
| 04 | जयपुर | 216 | 180 | 03 | 01 | 135 | 96 | 03 | 01 | 235 | 195 | 08 | 04 | 180 | 155 | 08 | 04 |
| 05 | जोधपुर | 225 | 99 | 13 | 14 | 142 | 85 | 13 | 14 | 240 | 110 | 15 | 17 | 205 | 80 | 15 | 17 |
| 06 | कोटा | 134 | 85 | 04 | 09 | 82 | 72 | 04 | 09 | 151 | 101 | 06 | 11 | 135 | 78 | 06 | 11 |
| 07 | उदयपुर | 195 | 96 | 14 | 11 | 105 | 52 | 14 | 11 | 202 | 112 | 16 | 14 | 172 | 82 | 16 | 14 |
| | योग | 1345 | 695 | 62 | 50 | 819 | 483 | 62 | 50 | 1460 | 790 | 96 | 80 | 1102 | 663 | 98 | 80 |

- **रोवर/रेंजर शैक्षिक एवं साहसिक भ्रमण दिनांक 20 से 24 मई, 2015कूल्लू–मनाली, हिमाचल प्रदेश**

  स्काउट संगठन द्वारा कॉलेज ग्रुप को प्रतिवर्ष शैक्षिक एवं साहसिक भ्रमण के माध्यम से शारीरिक, मानसिक विकास एवं ऐतिहासिक गतिविधियों की जानकारी के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष शैक्षिक एवं साहसिक भ्रमण कूल्लू–मनाली, हिमाचल प्रदेशमें आयोजित किया गया। शैक्षिक भ्रमण में मण्डलवार सहभागिता निम्नानुसार रही :– अजमेर–7, भरतपुर–0, बीकानेर–17, जयपुर–15, जोधपुर–33, कोटा–17, उदयपुर–31, **कुल–110.**

  शिविरि का अवलोकन एवं मार्गदर्शन के लिए सहायक स्टेट कमिश्नर (स्काउट) श्री राजपाल सिंह उपस्थित हुए। संभागियों को पर्यटन स्थानों का भ्रमण करवाया गया।

- **रोवर मूट/रेंजर मीट**

  राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाईड, जयपुर के तत्वाधान में दिनाँक 09.01.16 से 18.01.16 तक सिरोही पर 57वाँ रोवर मूट/43वीं रेंजर मीट आयोजित की गई। जिसमें 339 रोवर्स एवं 162 रेंजर्स, कुल 501 रोवर्स/रेंजर्स की सहभागिता रही।

## राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी

*http://www.rajhga.com*

### केन्द्रप्रवर्तित योजना

भारत सरकार ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के बाद सन् 1968 में उच्च शिक्षा के माध्यमसे परिवर्तन पर बल दिया था। भारत सरकार की इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत भारतीय भाषाओं में उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों की पुस्तकों का लेखन, प्रकाशन एवं विपणन किया जाना था। इसके लिए हिन्दी प्रदेशों में ग्रन्थ अकादमियों एवं हिन्दीतर प्रदेशों में पाठ्य पुस्तक–निर्माण मण्डलों का गठन किया गया था। सन् 1969 में एक स्वायत्तशासी संस्था के रूप में राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की स्थापना हुई।

### उद्देश्य

अपनी स्थापना से यह अकादमी हिन्दी माध्यम में उच्चशिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, तकनीकी, मानविकी, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान एवं शिक्षा आदि विषयों की पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाती है। इस पाठ्य सामग्री में पाठ्य पुस्तकें हैं तो सन्दर्भ ग्रन्थ भी हैं।

### उपादेयता

अकादमी 'न लाभ–न हानि' के सिद्धान्त पर पुस्तकें प्रकाशित करती है ताकि कम कीमत की इन पुस्तकों को अधिक से अधिक विद्यार्थी खरीद सकें। पुस्तकें विषय विशेषज्ञों के द्वारा लिखी जाती हैं ताकि गुणवत्ता कायम रहे।

**मौलिक पुस्तकों का वर्षवार प्रकाशन**

| 2007–08 | 2008–09 | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13 | 2013–14 | 2014–15 | 2015–16 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 16 | 16 | 16 | 14 | 20 | 13 | 13 | 09 |

वित्तीय वर्ष 2015–16 में दिसम्बर, 2015 तक 9 मौलिक पुस्तकें प्रकाशित की जा चुकी हैं। इस प्रकार दिसम्बर, 2015 तक अकादमी ने विज्ञान, तकनीकी, मानविकी, सामाजिक विज्ञान एवं शिक्षा आदि विषयों की कुल 614 मौलिक एवं 90 अनुदित पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

### परिष्कृत पुस्तकों का पुनर्मुद्रण

विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमानुसार नयी पाठ्यपुस्तकों के लेखन एवं प्रकाशन के साथ पूर्व प्रकाशित पुस्तकों में संशोधन का कार्य अनवरत चलता रहता है। पुस्तक के पुनर्मुद्रण से पूर्व लेखकों से विषय, भाषा एवं प्रस्तुति के सन्दर्भ में अपेक्षित संशोधन करवाये जाते हैं ताकि विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु स्तरीय सामग्री उपलब्ध हो सके। वित्तीय वर्ष 2015–16 में दिसम्बर, 2015 तक 38 संस्करण प्रकाशित किये जा चुके हैं।

| 2007–08 | 2008–09 | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13 | 2013–14 | 2014–15 | 2015–16 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | 60 | 40 | 40 | 48 | 40 | 58 | 24 | 38 |

### बिक्री में बढ़ोतरी

अकादमी ने बिक्री का अपना तंत्र विकसित कर लिया है जिससे सभी हिन्दी प्रदेशों में अकादमी की पुस्तकें बिक रही हैं। वित्तीय वर्ष 2015–16 में दिसम्बर, 2015 तक कुल 80.00 लाख रूपये की बिक्री की गई है।

**वर्षवार कुल बिक्री (लाख रुपये में)**

| 2007–08 | 2008–09 | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13 | 2013–14 | 2014–15 | 2015–16 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 103.76 | 84 | 80 | 73.44 | 90.11 | 100.66 | 111.85 | 71.79 | 80 |

### विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों में अनुशंसित पुस्तकें

राजस्थान के विश्वविद्यालयों के विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में अकादमी की 100 से अधिक पुस्तकें अनुशंसित हैं। इसके अलावा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, हरियाणा एवं दिल्ली सहित हिन्दी भाषी प्रदेशों के विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में भी अकादमी की अनेक पुस्तकें अनुशंसित हैं।

## पुस्तक मेले एवं प्रदर्शनियाँ

अकादमी द्वारा सितम्बर, 2015 में अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, हनुमानगढ़ एवं श्रीगंगानगर जिलों के राजकीय महाविद्यालयों में पुस्तक पर्व का आयोजन किया गया। दिसम्बर, 2015 में उदयपुर, डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा में पुस्तक पर्व का आयोजन किया गया।

## विद्यार्थियों एवं संस्थाओं को कम कीमत की अच्छी किताबें

राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी विद्यार्थियों को कम से कम कीमत पर मानक पाठ्य पुस्तकें एवं सन्दर्भ ग्रन्थ उपलब्ध करवाती है। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पाठकों को सीधी खरीद करने पर पुस्तक मूल्य पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाती है। संस्थाओं को सीधी खरीद करने पर 20 प्रतिशत की छूट देय है।

## भारत एवं राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान

अकादमी द्वारा करवाये जाने वाले पुस्तक प्रकाशन के कार्यों का शत प्रतिशत व्यय भारत सरकार के अनुदान से संभव होता है। भारत सरकार ने चौथी पंचवर्षीय योजना में एक करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान किया था जो अकादमी की मांग के अनुसार बजट आधार पर प्रतिवर्ष आगामी पंचवर्षीय योजनाओं तक दिया जाता रहा। वर्ष 1994 की अवधि तक यह रूपये 1.00 करोड़ की राशि प्राप्त हो चुकी थी। पुस्तकों की बिक्री से प्राप्त राशि का रिवाल्विंग फंड बनवाया गया था जिससे आगामी संस्करण प्रकाशित कराये जा सकें तथा हिन्दी माध्यम में उच्च शिक्षा पाने वाले प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों की मानक पाठ्य पुस्तकों एवं सन्दर्भ ग्रन्थों को हिन्दी में तैयार करवाने के लिए धन की कमी न रहे।
अकादमी के पास उपलब्ध इस फंड के अलावा पुस्तक प्रकाशन के लिए केन्द्र सरकार (मानव संसाधन विकास मंत्रालय) के अधीन वैज्ञानिक तथा तकनीकि शब्दावली आयोग से प्रति वर्ष अलग से भी अनुदान प्राप्त होता है। वर्ष 2015–16 में रू. 20. 00 लाख का प्रावधान किया गया है, जिसके पेटे दिसम्बर, 2015 तक राशि रूपये 15.00 लाख प्राप्त हो चुकी है तथा शेष राशि रूपये 5.00 लाख की राशि प्राप्त होना अपेक्षित है।

## राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान राशि (लाख रुपये में)

वित्तीय वर्ष 2015–15 में गैर योजनामद में रूपये 113.800 लाख व आयोजनामद में रूपये 9.00 लाख का बजट प्रावधान है। गैर आयोजना मद में दिसम्बर, 2015 तक रूपये 85.35 लाख प्राप्त हो चुके हैं तथा आयोजना मद में वित्तीय वर्ष वित्तीय वर्ष 2013–14 की शेष राशि रूपये 4.89 लाख अकादमी खाते में जमा है, इसमें से वर्ष 2014–15 में आयोजना मद में रूपये 3.12 लाख व्यय हुए हैं। इस प्रकार वर्ष 2015–16 में राशि रूपये 1.77 लाख शेष है। अतः आयोजना मद में 9.00 लाख रूपये मांग की गई है।

| 2007–08 | 2008–09 | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13 | 2013–14 | 2014–15 | 2015–16 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 81 | 88.86 | 123.5 | 107 | 84.85 | 115.1 | 95 | 102.6 | 85.35 |

## रॉयल्टी का ऑनलाइन लेखा/देश का एकमात्र प्रकाशन गृह

लेखन पारिश्रमिक स्वरूप अकादमी अपने लेखकों को 20 प्रतिशत रॉयल्टी प्रदान करती है। यह हर्ष का विषय है कि रॉयल्टी के सही–सही भुगतान के संदर्भ में अकादमी ने लेखकों का विश्वास अर्जित किया है।
वर्ष 2005–06 से पारदर्शिता एवं लेखकों की सुविधा के लिए रॉयल्टी का प्रतिदिन का लेखा अकादमी की वेबसाइट पर रखने का प्रावधान किया गया। अब अकादमी के लेखक जब चाहें, अपनी पुस्तक की बिक्री व रॉयल्टी का लेखा घर बैठे देख सकते हैं। इस तरह की सुविधा प्रदान करने वाला यह देश का एकमात्र संस्थान है।

## कम्प्यूटरीकरण/वेबसाइट

अकादमी ने नयी पहल करके अपने कामकाज को अद्यतन बनाया है। विभिन्न शाखाओं के काम को लगभग कम्प्यूटरीकृत किया जा चुका है। इस प्रकार अपने कामकाज, प्रकाशन एवं बिक्री की दृष्टि से अकादमी उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है।

इन्टरनेट का इस्तेमाल करने वालों के लिए अकादमी की वेबसाइट www.rajhga.com पर प्रकाशन सूची, लेखकों के लिए दिशा–निर्देश, बिक्री के नियम के अलावा अन्य जानकारियां भी उपलब्ध हैं। पिछले 12 वर्ष से यह वेबसाइट बराबर इन्टरनेट पर है और इसको आदिनांक रखा जाता है।

# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

| | |
|---|---|
| स्थापना वर्ष | 1947 |
| NAAC Grade (year) | (A+ 2004 to 2009) |
| संघटक महाविद्यालय | 6 |
| संबद्ध महाविद्यालय | 1165 |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट | http://uniraj.ac.in/ |
| कार्य क्षेत्र के जिले | जयपुर डिवीज़न–जयपुर दौसा, सीकर, झुन्झुनूं, अलवर<br>भरतपुर डिवीज़न –भरतपुर व धौलपुर |

**संक्षिप्त इतिहासः**

राजस्थान विश्वविद्यालय राजस्थान राज्य का सबसे पुराना व प्रतिष्ठित शिक्षा का प्रमुख केन्द्र है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना 8 जनवरी, 1947 में **"राजपूताना विश्वविद्यालय"** के रूप में हुई थी। वर्ष 1956 में राजपूताना विश्वविद्यालय के स्थान पर इसका नामकरण राजस्थान विश्वविद्यालय के रूप में किया गया। उस समय इसका कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान था। सन् 1987 में राज्य में अन्य विश्वविद्यालयों की स्थापना एवं पुनर्गठन के साथ इसके कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया गया।

यह विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं विद्यार्थियों की संख्या की दृष्टि से राज्य ही नही, संभवत देश का भी सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय में वाणिज्य, कला, ललित कला, विज्ञान, विधि, शिक्षा, पत्रकारिता, प्रबन्धन, शारीरिक शिक्षा,आदि संकायों में स्नातक से शोध स्तर तक की सुविधायें उपलब्ध हैं। इस विश्वविद्यालय के अनेक छात्र आज देश के वरिष्ठतम प्रशासनिक पदों सहित अनेक शोध संस्थानों के शीर्ष पदों पर अपनी सेवायें दे रहे हैं। इस विश्वविद्यालय को संघ लोक सेवा आयोग ने अपने वार्षिक प्रतिवेदन में राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालय की श्रेणी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिये सर्वाधिक सफलतम उम्मीदवार देने वाले विश्वविद्यालय के रूप में भी चिन्हित किया है।

**शैक्षणिक वर्ग**

| क्र.सं. | पद | स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 01 | आचार्य | 61 | 08 | 53 |
| 02 | सह–आचार्य | 135 | 0 | 135 |
| 03 | सहायक आचार्य | 704 | 521 | 183 |
| 04 | रिसर्च एसोसिएट | 34 | 0 | 34 |
| 05 | पुस्तकालयाध्यक्ष | 01 | 0 | 01 |
| 06 | उप–पुस्तकालयाध्यक्ष | 04 | 0 | 04 |
| 07 | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 14 | 03 | 11 |
| 08 | निदेशक/सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा | 12 | 0 | 12 |
| 09 | सार्टिफिकेट आफिसर (यूसिक) | 02 | 0 | 02 |
| | | 967 | 532 | 435 |

## अशैक्षणिक वर्ग

- विश्वविद्यालय में अशैक्षणिक वर्ग 1887 स्वीकृत पद जिनपर कुल कार्यरत कर्मचारियों की संख्या 1071 है तथा 816 पद रिक्त हैं।

## विद्यार्थी नामांकन

- संघटक महाविद्यालय व स्नातकोत्तर विभागों में नामांकन निम्नानुसार है :–

| महाविद्यालय | विद्यार्थी सं. | महाविद्यालय | विद्यार्थी सं. |
|---|---|---|---|
| महाराजा कॉलेज, जयपुर | 2545 | महारानी कॉलेज, जयपुर | 7504 |
| कॉमर्स कॉलेज, जयपुर | 4411 | राजस्थान कॉलेज, जयपुर | 3546 |
| लॉ कॉलेज, जयपुर | 1433 | स्नातकोत्तर विभाग | 5928 |

### संचालित संकाय एवं विषयों का विवरण

- विश्वविद्यालय में 9 संकाय, 37 स्नातकोत्तर विभाग, 22 अध्ययन केन्द्र एवं 7 जिलों में फैले हुए कुल –महाविद्यालय सम्बद्ध हैं।
- राजस्थान विश्वविद्यालय 51 कार्यक्रमों में पीएच.डी. 25 विषयों में एम.फिल, 42 विषयों में स्नातकोत्तर एवं 32 विषयों में स्नातक की शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराता है।
- इनके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में 24 स्नातकोत्तर डिप्लोमा, 11 प्रमाण पत्र व 14 एड ऑन (वोकेशनल) पाठ्यक्रम भी संचालित हैं।
- विश्वविद्यालय में सेन्टर फॉर कन्वर्जिंग टेक्नोलोजीज़ विभाग स्थापित किया गया है। इस केन्द्र में अत्याधुनिक तकनीकों पर पाँच वर्षीय इन्टीग्रेटेड एम.एस.सी. पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### विशेष उपलब्धियां (वित्तीय वर्ष 2015–16) :–

- दिनांक 19.06.2015 को आयोजित सिडिंकेट बैठक के कार्यवाही विवरण एवं दिनांक 23.06.2015 को स्थगित बैठक में प्रवेश व परीक्षा इत्यादि संबंधी फीस में प्रति वर्ष न्यूनतम 10 प्रतिशत वृद्वि का निर्णय लेते हुये इस संबंध में एक आदेश जारी किया गया।
- दिनांक 16.10.2015 को BOI बैठक के कार्यवृतानुसार निर्णय लिया गया कि संबंद्धता शुल्क, इनटेक संबंद्धता शुल्क में संशोधन किया जाय व यह निर्णय दिनांक 30.12.2015 को वित्तीय समिति के समक्ष रखा गया। वित्तीय समिति द्वारा सम्बद्धता शुल्क बढाने हेतु सहमति दे दी गयी है, जिसके लिए कार्यालय आदेश शीघ्र ही जारी कर दिये जावेंगे।

### भावी योजना(वित्तीय वर्ष 2016–17) :–

- राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा विश्वविद्यालयों के विभागों/संघटक महाविद्यालयों हेतु बजट बैठकों का आयोजन किया जा रहा है तथा वित्तीय समिति एवं सिडिंकेट से अनुमोदन पश्चात प्रस्ताव भेज दिया जायेगा।

## जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

| | |
|---|---|
| स्थापना वर्ष | 1962 |
| संघटक महाविद्यालय | 53 |
| संबद्ध महाविद्यालय | 170 |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट | http://www.jnvu.edu.in/ |
| NAAC Grade (year) | (A2003 to 2008) |
| कार्य क्षेत्र | बाड़मेर, जैसलमेर, जालौर, पाली एवं जोधपुर |

**संक्षिप्त इतिहास**



- जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय (पूर्व जोधपुर विश्वविद्यालय) की स्थापना 1962 में जसवन्त कॉलेज, एस.एम.के. कॉलेज तथा एम.बी.एम. अभियांत्रिकी कॉलेज को शामिल कर जोधपुर नगर की सीमा के अन्तर्गत हुई थी।
- सत्र 2012–13 से राज्य सरकार द्वारा जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के क्षेत्राधिकार में सम्पूर्ण जोधपुर जिले, पाली, जालौर, जैसलमेर एवं बाड़मेर शामिल किये गये हैं अतः इन जिलों के सभी महाविद्यालय जो पूर्व में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर से सम्बद्ध थे, अब इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो गये हैं।
- इस बहुसंकाय विश्वविद्यालय में कला, वाणिज्य, शिक्षा, अभियांत्रिकी, विधि तथा विज्ञान संकाय उपलब्ध हैं। नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए सायंकालीन अध्ययन संस्थान की स्थापना की गई है।
- विश्वविद्यालय के 53 संघटक महाविद्यालय हैं तथा 170सामान्य शिक्षा महाविद्यालय भी इसविश्वविद्यालय से सम्बद्ध हैं।
- विश्वविद्यालय के कला व शिक्षा संकाय में 14, अभियांत्रिकी संकाय में 10, वाणिज्य संकाय में 4, विधि संकाय में एक तथा विज्ञान संकाय में 7 विभाग हैं। केन्द्रीय पुस्तकालय नये परिसर में स्थित है तथा सभी संकायों में पुस्तकालय की शाखाएं भी हैं।
- विश्वविद्यालय में सामान्य संकायों के 4 तथा अभियांत्रिकी संकाय के 10 छात्रावास उपलब्ध हैं। इनके अलावा स्नातक, स्नातकोत्तर व अभियांत्रिकी छात्राओं के लिए भी एक–एक छात्रावास हैं। एक छात्रावास कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में तथा दूसरा अभियांत्रिकी संकाय में निर्माणाधीन है। विश्वविद्यालय में दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए भी एक छात्रावास है। इन छात्रावासों में लगभग 1500 विद्यार्थियों के लिए आवास व्यवस्था है। राज्य सरकार के जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा स्वीकृत दो एस.टी. महिला छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- विश्वविद्यालय में अतिथि–गृह, कम्प्यूटर सेन्टर, चिकित्सा केन्द्र, इन्स्ट्रूमेन्टेशन सेन्टर, एकेडमिक स्टॉफ कॉलेज, एज्यूकेशनल मल्टीमीडिया रिसर्च सेन्टर, भवन निर्माण कक्ष, खेलकूद मण्डल, प्रोक्टर बोर्ड, छात्र सेवा मण्डल तथा ई.डी.सी. भी स्थित है।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वर्ष 1985 में ऑडियोविजुअल रिसर्च सेन्टर की स्थापना की गई जिसे सितम्बर, 2004 में एज्यूकेशनल मल्टीमीडिया रिसर्च सेन्टर (ई. एम. आर. सी.) के रूप में क्रमोन्नत किया गया। यह केन्द्र अब तक कई बार उत्कृष्टता हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। वर्ष 2010–11 में इसे केन्द्र प्रायोजित **'सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा मिशन'** के तहत वाणिज्य स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम के लिए ई–कन्टेन्ट बनाने का दायित्व दिया गया। केन्द्रद्वारा959 लर्निंग ओब्जेक्ट रिपॉजिटरी, 220 शैक्षणिकटी.वी. फिल्में तथा 220 ई–कन्टेन्ट तैयार किए गये हैं तथा कुछ को राष्ट्रीय स्तर पर पुरुस्कृत किया है।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की निशक्तजनों की योजना के तहत टी.ई.पी.एस.ई./एच.ई.पी.एस.एन. केन्द्र भी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित है।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विश्वविद्यालय को बारहवीं योजना में संकलित योजना के अन्तर्गत एस.सी., एस.टी., ओ.बी.सी., अल्प संख्यक (नॉन क्रीमीलेयर) की कोचिंग हेतु 30 लाख रुपये स्वीकृत किये गये। इसके अतिरिक्त 32.00 लाख रूपये अन्य योजनाओं हेतु स्वीकृत किये गये।
- विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों को यूजीसी, सीएसआईआर, आरएसटी, डीबीटी, भारत सरकार आदि से 61 प्रोजेक्ट स्वीकृत हुये है।

- **जनशक्तिः शैक्षणिक पद**

| क्र. स. | संकाय | स्वीकृत | | | कार्यरत | | | रिक्त | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रोफेसर | रीडर | लेक्चरर | प्रोफेसर | रीडर | लेक्चरर | प्रोफेसर | रीडर | लेक्चरर |
| 1 | कला | 13 | 35 | 145 | 03 | 11 | 101 | 10 | 24 | 44 |
| 2 | विधि | 02 | 03 | 25 | 02 | 01 | 08 | 0 | 02 | 17 |
| 3 | वाणिज्य | 04 | 12 | 59 | 01 | 06 | 39 | 03 | 06 | 20 |
| 4 | विज्ञान | 08 | 25 | 131 | 05 | 16 | 99 | 03 | 09 | 32 |
| 5 | अभियांत्रिकी | 24 | 44 | 105 | 0 | 03 | 54 | 24 | 41 | 51 |
| 6 | अन्य | 02 | 0 | 11 | 0 | 0 | 03 | 02 | 0 | 08 |
| | **योग** | 53 | 119 | 476 | 11 | 37 | 304 | 42 | 82 | 172 |

**विश्वविद्यालय के विभागों में विद्यार्थी नामांकन शैक्षिक सत्र 2015–16**

| | एस सी | | एस टी | | ओ बी सी | | अल्प संख्यक | | सामान्य | | योग | | **महायोग** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | |
| **स्नातक** | 1756 | 781 | 394 | 184 | 4856 | 1602 | 300 | 165 | 3805 | 2538 | 11111 | 5270 | **16381** |
| **स्नातकोत्तर** | 339 | 233 | 68 | 31 | 654 | 626 | 19 | 21 | 558 | 697 | 1638 | 1608 | **3246** |
| **महायोग** | 2095 | 1014 | 462 | 215 | 5510 | 2228 | 319 | 186 | 4363 | 3235 | 12749 | 6878 | **19627** |

**आय–व्ययक अनुमान 2015–16 (राशि लाख रु में)**

| आय–आयोजना भिन्न | आय– आयोजना | व्यय– आयोजना भिन्न |
|---|---|---|
| 13477.51 | 0.00 | 16325.25 |

## मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

| | |
|---|---|
| स्थापना वर्ष | 1962 |
| NAAC Grade (year) | (B++ 2002 to 2007) |
| संघटक महाविद्यालय | 5 |
| संबद्ध महाविद्यालय | 221 |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट | http://www.mlsu.org/ |
| सम्पर्क सूत्र | Tel: 0294-2470166 Fax:2470707 |
| कार्य क्षेत्र के जिले | उदयपुर डिवीज़न–बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, राजसमन्द, प्रतापगढ़ व उदयपुर<br>जोधपुर डिवीज़न–सिरोही |



- संस्था का मुख्य उद्देश्य शिक्षा देना, मार्गदर्शन करना एवं शिक्षा सम्बन्धी अनुसंधान करना है।
- वर्तमान में 221 महाविद्यालय इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हैं।
- विश्वविद्यालय के निम्नलिखित संघटक महाविद्यालय हैंः–
  - विज्ञान महाविद्यालय, उदयपुर
  - सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, उदयपुर
  - वाणिज्य एवं प्रबन्ध अध्ययन महाविद्यालय, उदयपुर
  - विधि महाविद्यालय, उदयपुर
  - प्रबन्ध अध्ययन संकाय, उदयपुर
- विश्वविद्यालय में विज्ञान, अर्थ साइन्स, वाणिज्य, मानविकी, सामाजिक विज्ञान, प्रबंध अध्ययन, विधि एवं शिक्षा संकाय संचालित किये जा रहे हैं।
- विश्वविद्यालय में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, भू–विज्ञान, सांख्यिकी, कम्प्यूटर विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, जैन तकनीकी, एम.एस.सी., एम.सी.ए., लेखा एवं सांख्यिकी, व्यावसायिक प्रशासन, बैंकिंग एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र, प्रबंध, अर्थशास्त्र, संस्कृत साहित्य, संगीत, भूगोल, राजस्थानी, दर्शनशास्त्र, महिला अध्ययन, राजनीति विज्ञान, उर्दू, चित्रकला, जनसंख्या अध्ययन, मनोविज्ञान, प्राकृत, इतिहास, लोकप्रशासन, हिन्दी, समाज शास्त्र, अंग्रेजी, ह्यूमन राईट्स विषय उपलब्ध हैं जिन पर स्नातक से पीएच.डी. तक के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।
- विश्वविद्यालय के विभागों एवं संघटक महाविद्यालयों के नियमित विद्यार्थियों का नामांकन शैक्षणिक सत्र 2015–16 में निम्नानुसार रहाः–

| संकाय | सामान्य | | एस सी | | एस टी | | ओ बी सी | | अल्प संख्यक | | पी.एच. | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं |
| स्नातक | 1843 | 1228 | 839 | 231 | 734 | 116 | 1560 | 574 | 185 | 163 | 07 | 01 | 5168 | 2313 |
| स्नातकोत्तर | 448 | 709 | 274 | 143 | 267 | 93 | 420 | 341 | 02 | 03 | 06 | 25 | 1417 | 1314 |
| डिप्लोमा / प्रमाण –पत्र | 12 | 04 | 07 | 0 | 02 | 0 | 04 | 01 | 0 | 02 | 0 | 0 | 25 | 07 |
| **महा योग** | **2303** | **1941** | **1120** | **374** | **1003** | **209** | **1984** | **916** | **187** | **168** | **13** | **26** | **6610** | **3634** |

➢ जनशक्ति

| क्र | पद | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रोफेसर | 26 | 9 | 17 |
| 2 | एसोसिएट प्रोफेसर | 51 | 24 | 27 |
| 3 | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | 182 | 103 | 79 |
| | अन्य पद | 491 | 368 | 123 |
| | **योग** | **750** | **504** | **246** |

## आय–व्ययक विवरण2015–16(राशि लाख रु में)

| आय–राज्य सरकार | आय–अन्य स्रोत(शुल्क आदि) | कुल आय | व्यय |
|---|---|---|---|
| 3300.00 | 1472.00 | 4772.00 | 8104.51 |

## वित्तीय वर्ष 2015–16 की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

➢ भौतिक अनुसन्धान प्रयोगशाला, अहमदाबाद के दो शोधार्थियों ने विद्यावाचस्पति की उपाधि हासिल की तथा विभाग के दो शोधार्थियों का विश्वविद्यालय में थिसिस जमा कराने के पूर्व थिसिस का प्रस्तुतीकरण हुआ। विभाग के शोधार्थियों ने विद्यावाचस्पति की उपाधि हासिल की।

➢ विश्वविद्यालय का 23वॉ दीक्षान्त समारोह दिनांक 21 दिसम्बर 2015 को आयोजित किया गया। इस समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति माननीय श्री कल्याण सिंह मुख्य अतिथि थे तथा श्री गुलाब चन्द कटारिया माननीय गृह एवं न्याय मंत्री राजस्थान सरकार व श्री कालीचरण सराफ, माननीय उच्च एव तकनीकी शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार ने उद्‌बोधन प्रदान किया ।

➢ विश्वविद्यालय के क्रीड़ा मण्डल द्वारा शतरंज (पुरूष/महिला), क्रॉस कन्ट्री (पुरूष/महिला), तैराकी (पुरूष/महिला), बैडमिन्टन (पुरूष/महिला), बालीबॉल (पुरूष), बास्केटबॉल (महिला), कब्बडी (पुरूष), स्कवेश रेकेट्स (पुरूष), इत्यादि खेलों के प्रशिक्षण शिविरों का आयोजना किया उसके पश्चात् उक्त टीमों को अन्तर विश्वविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु भेजा गया।

**(अ) वित्तीय वर्ष 2015–16 में निम्ननिर्माणकार्यसम्पन्न हुए :–**

| क्र. सं | योजना/निर्माण कार्य का नाम | लागत (लाख रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | वाकिंग पथ का निमार्ण कार्य | 20.00 |
| 2 | विश्वविद्यालय स्वर्ण जयन्ती अतिथि गृह पेवर ब्लॉक अप्रोच आदि का कार्य | 18.00 |
| 3 | विश्वविद्यालय स्वर्ण जयन्त अतिथि गृह, होटल मैनजमेन्ट भवन एवं वाणिज्य भवन में ग्रील कम्पाउन्ड वाल एवं चैन लिंक का कार्य | 10.50 |
| 4 | यूसीएसएसएच में स्टूडेन्ट काउन्टर हेतु टीन शेड का निर्माण | 7.20 |
| 5 | यूसीएसएसएच में एन्ट्रेन्स फायॅर का निर्माण कार्य | 10.40 |
| 6 | विश्वविद्यालय प्रशासनिक कार्यालय में हेल्प डेस्ट का निर्माण कार्य | 6.00 |
| | **योग** | **72.10** |

(ब) वित्तीय वर्ष 2015–16 में निम्न नवीनीकरण कार्यसम्पन्न हुए :–

| क्र. सं | योजना/निर्माण कार्य का नाम | लागत (लाख रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | यूसीसीएमएस भवन का नवीनीकरण कार्य | 71.75 |
| 2 | यूसीएस भवन का नवीनीकरण कार्य | 60.00 |
| 3 | यूसीएसएसएच में भवन का नवीनीकरण निर्माण कार्य | 20.00 |
| 4 | विश्वविद्यालय प्रशासनिक कार्यालय भवन का नवीनीकरण कार्य | 20.00 |
| | **योग** | **171.75** |

(स) वित्तीय वर्ष 2015–16 में निम्न निर्माण कार्यप्रारम्भ किये गये :–

| क्र. सं | योजना/निर्माण कार्य का नाम | लागत (लाख रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय विज्ञान महाविद्यालय में कक्षा–कक्ष एवं परीक्षा शाखा का निर्माण कार्य | 330.00 |
| 2 | विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय में लिगल स्टडी सेन्टर का निमार्ण कार्य | 220.00 |
| 3 | स्पोर्टस बोर्ड कार्यालय का निर्माण कार्य | 150.00 |
| | **योग** | **700.00** |

## भावी योजनाएँ

- वित्तीय वर्ष 2016–17 में परीक्षा एवं गोपनीय शाखा ब्लॉक का निर्माण कार्य, होटल मैनेजमेन्ट भवन का शेष निर्माण कार्य, स्वर्ण जयन्ती अतिथि गृह को प्रथम तल बेक साई विंग का निर्माण कार्य, स्वर्ण जयन्ती अतिथि गृह एवं होटल मैनेजमेन्ट भवन साठट डवलपमेन्ट, पार्किंग, सर्वेन्ट क्वार्टर एवं स्टोर आदि कार्य, रिनोवेशन यूसीएस भवन (कक्षा कक्ष एवं प्रयोगशालाएँ), विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में रिनोवेशन/अपग्रेडेशन, विश्वविद्यालय सभागार रिनोवेशन कार्य, रिसर्च हॉस्टल आदि के निर्माण कार्य करवाने की योजना है जिस पर 908.50 लाख रूपये की लागत आने का अनुमान है।

# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

| | |
|---|---|
| स्थापना वर्ष | 1987 |
| NAAC Grade | (B++ 2004 to 2009) |
| संघटक महाविद्यालय | 0 |
| संबद्धक महाविद्यालय | 270 |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट | http://www.mdsuajmer.ac.in/ |
| कार्य क्षेत्र के जिले | अजमेर डिवीज़न–अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर व टोंक |

**संक्षिप्त इतिहास**



- अजमेर विश्वविद्यालय की स्थापना विधानसभा द्वारा पारित अधिनियम के द्वारा 1 अगस्त 1987 को हुई तथा 5 मई 1992 को इसका नामकरण महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर कर दिया गया। विश्वविद्यालय का यूजीसी एक्ट 1956 के अंतर्गत धारा 12(बी) में 1993 में पंजीयन हुआ। वर्तमान में विश्वविद्यालय से 83 शिक्षक प्रशिक्षण/शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं 187 सामान्य महाविद्यालय कुल 270 सम्बद्ध महाविद्यालय है। विश्वविद्यालय का पुस्तकालय इम्फलीब्नेट एवं शोध गंगा से पूरी तरह सज्जित है। NMEICT Project के तहत नेटवर्किंग का कार्य प्रगति पर है तथा लीज लाईन उपलब्ध है।
- विश्वविद्यालय में 20शैक्षणिक विभाग एवं केन्द्र हैं।20 स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम, 46स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम, एवं 12 डिप्लोमा/प्रमाणपत्र स्तर के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। विभागों में 18 एम.फिल पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं तथा विश्वविद्यालय में पीएच.डी. हेतु शोध सुविधा है।

  विश्वविद्यालय में संचालित संकाय एवं विषयों का विवरण :

  विश्वविद्यालय में कला संकाय, ललित कला संकाय, समाज विज्ञान संकाय, विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय, प्रबन्ध अध्ययन संकाय, विधि संकाय, शिक्षा संकाय, वैदिक अध्ययन संकाय एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार संकाय संचालित है।

**विश्वविद्यालय में जनशक्ति**

| वर्ग | स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|
| शैक्षणिक वर्ग | 48 | 18 | 30 |
| अशैक्षणिक | 328 | 285 | 43 |

**वर्ष 2015–16 की उपलब्धियाँः–**

- सिन्धु शेध पीठ, पृथ्वीराज चौहान ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक शोध केन्द्र एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर शोध पीठ की स्थापना की गयी।
- प्रश्न–पत्र का प्रारूप प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप किया गया। जिसके तहत प्रतियोगिी परीक्षाओं की भांति वैकल्पिक प्रश्न–पत्र ओ.एम.आर. शीट में लिए जाते है जिससे शीघ्रता से परीक्षा परिणाम घोषित होना सुविधाजनक हुआ है।
- उत्तर पुस्तिकाओं के पृष्ठ कम कर आर्थिक बजट की गयी।
- छात्रों से सीमित शब्दों में उत्तर देने की प्रणाली अपनायी गयी जिसमें पूरक उत्तर पुस्तिका देने की अनिवार्यता समाप्त की गयी।

- विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रश्न–पत्र उत्तर पुस्तिका में ही छपवाये गये है, जिससे निश्चित सीमित शब्दों में उत्तर छात्रों द्वारा दिया जाना प्रारम्भ किया गया है।
- मुख्य परीक्षा के आवेदन–पत्रों के साथ–साथ पुनर्मूल्यांकन के आवेदन–पत्र भी ऑन लाईन भरवाने की व्यवस्था की गयी तथा पूनर्मूल्यांकन के परिणाम भी छात्रों की सुविधा हेतु वैबसाईट पर उपलब्ध करवाये गये।
- स्नातक स्तर की परीक्षाओं में प्रथम वर्ष के तहत अनिवार्य विषयों कम्प्यूटर एवं पर्यावरण अध्ययन के तहत ओ.एम. आर. शीट में वैकल्पिक प्रश्न छात्रों से पूछे जाते है।
- प्रदेश में सबसे पहले अधिकतम् परीक्षा परिणाम घोषित किये गये जिससे छात्रों को अन्य कक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रवेश लेने हेतु पर्याप्त सुविधा हुई है।
- सूचना के अधिकार के तहत छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार उत्तर–पुस्तिकाओं की फोटो प्रति उपलब्ध कराई जा रही है।

**वर्ष 2016–17 की भावी योजनाएं :–**

- दयानन्द पीठ की स्थापना करना।
- छात्रों को डुप्लीकेट अंक तालिकाएँ कम्प्यूटराईज्ड उपलब्ध कराना।
- परिसर में पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रकल्प तैयार करना।
- विद्यार्थियों के केरियर गाइडेन्स हेतु केन्द्र खोला जाना।
- केम्पस में NIMECT (University Wide Networking) प्रारम्भ करना।

**आय–व्ययक अनुमान 2015–16 (राशि लाख रु में)**

| आय–आयोजना भिन्न | आय– आयोजना | व्यय |
|---|---|---|
| 5097.96 | 200.01 | 7934.50 |

# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

| | |
|---|---|
| स्थापना वर्ष | 2003 |
| संघटक महाविद्यालय | 0 |
| संबद्धक महाविद्यालय | 164 |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट | http://www.uok.ac.in/ |
| कार्य क्षेत्र के जिले | कोटा डिवीज़न –कोटा,बारां, बून्दीव झालावाड़<br>भरतपुर डिवीज़न –सवाई माधोपुर व करौली |

**संक्षिप्त इतिहास**

- कोटा विश्वविद्यालय की स्थापना सन् 2003 में हुई। विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत कोटा सम्भाग के 37 महाविद्यालय स्थानान्तरित किये गये।
- वर्तमान में इस विश्वविद्यालय से कोटा व भरतपुर प्रशासनिक संभाग के 6 जिलों, कोटा, बून्दी, झालावाड़, बारां, करौली व सवाईमाधोपुर, के 164 महाविद्यालय इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हैं जिसमें लगभग 2,20,000 विद्यार्थी अध्ययनरत है।
- यह विश्वविद्यालय वर्तमान में नवनिर्मित तीन भवनों में संचालित हो रहा है। कुलपति सचिवालय, प्रशासनिक खण्ड/कार्यालय एवं परीक्षा व गोपनीय शाखा एम.बी.एस. रोड, कबीर सर्कल पर स्थित हैं। प्रशासनिक भवन में एम.बी.ए. व एम.एस.डब्ल्यू. की कक्षाएं संचालित होती हैं। ई.एस.आई. अस्पताल परिसर, झालावाड़ रोड स्थित भवन में स्नातकोत्तर व एम. फिल. की कक्षाएं भी संचालित होती हैं। शारीरिक शिक्षा विभाग डाइट भवन, रावतभाटा रोड पर संचालित है।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नवम्बर 2012 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के एक्ट के अन्तर्गत 12बी का दर्जा प्राप्त हुआ।
- विश्वविद्यालय में 170 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 34 शैक्षणिक तथा 136 अशैक्षणिक हैं।
- विश्वविद्यालय में छः सकाय –कला, वाणिज्य एवं प्रबन्धन, शिक्षा, विधि, विज्ञान एवं समाज विज्ञान हैं। कोटा विश्वविद्यालय परिसर में एम बी. ए., एम.आई.बी., एम.सी.ए.,एम.एस.डब्ल्यू. एल.एल.एम., एम.पी.एड, एम.कॉम., एकीकृत बी.एस.सी.–एम.एस.सी. (भौतिकी), एम.एस.सी.(रसायन विज्ञान, औद्यागिक रसायन विज्ञान,भौतिकी – उर्जा, वन्यजीव विज्ञान एवं जीव विज्ञान), एम.ए./एम.एस.सी. (भूगोल), एम.ए.(समाजशास्त्र, धरोहर, पर्यटन संग्रहालय एवं पुरातात्विक विज्ञान), एम.एल.आई.एस. (पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान), एम. फिल. (रसायनशास्त्र, भौतिकी, वाणिज्य, भूगोल, इतिहास, राजनीतिक शास्त्र,समाज शास्त्र, एवं पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान), पी.जी. डिप्लोमा इन रिमोट सेन्सिंग एण्ड जी.आई.एस., पीएच.डी.(रसायन शास्त्र, भौतिकी, गणित, वनस्पति शास्त्र, प्रबन्ध, आर्थिक प्रशासन एवं वित्तीय प्रबन्धन, विधि, अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, इतिहास, संगीत, उर्दू, चित्रकला, लोक प्रशासन, राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाज शास्त्र, भूगोल, शिक्षा, पुस्तकालय एंव सूचना विज्ञान) आदि पाठ्यक्रम संचालित हैं।
- सत्र 2015–16 में विश्वविद्यालय में संघटक महाविद्यालयों का नामांकन नियमित 87662, एक्स स्टूडेन्ट 7905 एवं स्वयंपाठी विद्यार्थी 135529 कुल योग 231096 है।

## सकल राजस्व आय–व्यय विवरण

(रूपये लाखों में)

| क्र0सं0 | आय मद | अनु.बजट 2014–15 | वास्तविक 2014–15 | अनु.बजट 2015–16 | व्यय मद | अनु.बजट 2014–15 | वास्तविक 2014–15 | अनु.बजट 2015–16 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आय | 4152.00 | 3510.51 | 4462.00 | व्यय | 3572.00 | 3433.08 | 3707.00 |
| | योग | 4152.00 | 3510.51 | 4462.00 | योग | 3572.00 | 3433.08 | 3707.00 |

## State Govt. Plan

| S.No. | Head of Income | Actual 2013-14 | B.E. 2014-15 | Actual Income 2013-14 | B.E. 2014-15 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Non Plan | - | - | - | - |
| 2 | Plan | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| | Total | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |

### भावी योजनाएं–

- विश्वविद्यालय का NAAC Accreditation हेतु प्रयास करना।
- विश्वविद्यालय की भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस विश्वविद्यालय से सटी हुई वन भूमि को विश्वविद्यालय उपयोग हेतु आरक्षित/आवंटित करवाने का प्रयास।
- हाडौती संभाग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नये विभागों का सजृजन करना व मांग अनुसार विषय/संकाय प्रारम्भ करना।
- विश्वविद्यालय में प्रयोगशालाओं के लिए तकनीकी सहायक, प्रयोगशाला सहायक तथा प्रयोगशाला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों की राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रयास करना।
- विश्वविद्यालय को स्वीकृत शैक्षणिक/अशैक्षणिक संवर्ग के पदों पर चयन प्रक्रिया के माध्यम से भरकर विश्वविद्यालय को जनशक्ति की समस्य से राहत प्रदान करना।
- केन्द्रीय पुस्तकालय भवन का निर्माण व विश्वविस्तरीय पुस्तकों एवं शोध पत्रिकाओं का क्रय कर पूर्ण सुसज्जित पुस्तकालय का विकास करना।
- विश्वविद्यालय मे अनु.जाति, जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग व अल्पसंख्यक छात्रों को प्राथमिकता देते हुए छात्रावासों का निर्माण करवाना।
- खेलकूद के विकास हेतु अत्याधुनिक सुविधायुक्त खेल संकुल का विकास करना।
- रोजगार हेतु विश्वविद्यालयमें अधिकाधिक कम्पनियों/संस्थानों को आमंत्रित करना।
- विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की शैक्षिक संगोष्ठियों का आयोजन करवाना।

# महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

| | |
|---|---|
| स्थापना वर्ष | 2003 |
| संघटक महाविद्यालय | 0 |
| संबद्धक महाविद्यालय | 363 |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट | http://www.mgsubikaner.ac.in |
| सम्पर्क सूत्र | 0151–2200414, 2544220, 2226751 |
| कार्य क्षेत्र के जिले | बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व चूरू |

**संक्षिप्त इतिहास**



- बीकानेर विश्वविद्यालय की स्थापना बीकानेर विश्वविद्यालय विधेयक 2003 के अधिनियम संख्या 13 के द्वारा सन् 2003 में की गई।
- प्रारम्भ में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय अजमेर से सम्बद्धता प्राप्त 67 महाविद्यालय इस विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में स्थानान्तरित हुए। कालान्तर में निजी महाविद्यालयों की संख्या में तीव्रता से वृद्धि हुई तथा वर्तमान में 363 महाविद्यालय इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हैं।
- विश्वविद्यालय में 23 विषयों में पी.एच.डी. सुविधा के साथ–साथ 20 विषयों में एम.फिल एवं 7 विषयों में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की कक्षाएं संचालित की जा रही है।
- विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2012–13 से पाँच विभाग (माइक्रोबायोलोजी, पर्यावरण विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, इतिहास एवं अंग्रेजी साहित्य) प्रारम्भ किये गये हैं।
- स्ववित्तपोषी योजना अन्तर्गत 2 विषयों में एम.फिल. पाठ्यक्रम की कक्षायें संचालित की जा रही है। स्नातक स्तर तक विधि संकाय का भी संचालन किया जा रहा है।
- वर्तमान में विश्वविद्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड पर राज्य सरकार द्वारा आवंटित 1127.07 बीघा भूमि में स्वयं के नवनिर्मित भवनों में संचालित हो रहा है।

**जन शक्ति :**

- शैक्षणिक पदों का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क्र. सं. | विभाग | प्रोफेसर | | असो.प्रोफेसर | | असि.प्रोफेसर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | कार्यरत | स्वीकृत | कार्यरत | स्वीकृत | कार्यरत |
| 1 | इतिहास | 1 | 0 | 2 | 1 | 3 | 2 |
| 2 | अंग्रेजी | 1 | 1 | 2 | 0 | 3 | 3 |
| 3 | पर्यावरण विज्ञान | 1 | 1 | 2 | 2 | 3 | 3 |
| 4 | कम्प्यूटर विज्ञान | 1 | 0 | 2 | 0 | 3 | 3 |
| 5 | माक्रोबायोलॉजी | 1 | 0 | 2 | 0 | 3 | 3 |
| | योग | **5** | **2** | **10** | **3** | **15** | **14** |

**आय व्यय अनुमान 2015–16 (रुपये लाखों में)**

| | आय–विवि. के स्वयं के स्रोत | स्ववित्तपोषी योजना | राज्य सरकार से अनुदान |
|---|---|---|---|
| आय | 5157.30 | 36.90 | 163.79 |
| व्यय | 4417.82 | 10.03 | 163.79 |

**सत्र 2015–16 में विश्वविद्यालय के विभागों में विद्यार्थियों का नामांकन**

| | स्नातकोत्तर के पाँच विभागों छात्र– छात्राओं का नामांकन | एम.फिल. | योग |
|---|---|---|---|
| योग | **181** | 39 | **220** |

**सत्र 2015–16 में विधि स्नातक विद्यार्थियों का नामांकन**

| क्र.सं. | विषय | कुल |
|---|---|---|
| 1 | एल.एल.बी. प्रथम वर्ष | 120 |
| 2 | एल.एल.बी. द्वितीय वर्ष | 67 |
| 3 | एल.एल.बी. तृतीय वर्ष | 40 |
| | योग | 227 |

**सत्र 2015–16 की महत्वपूर्ण उपलब्धियां–**

- 08 नवीन महाविद्यालयों की स्थापना की गई तथा 01 महाविद्यालय की सम्बद्वता समाप्त की गई।
- बी.एड. विशेष शिक्षा (एम.आर.) का नवीन पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया।
- इस सत्र से विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों का विश्वविद्यालय स्तर पर संघ लोक सेवा आयोग, राजस्थान लोक सेवा आयोगा, राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुये संचालित पाठ्यक्रमों में विषय विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण बिन्दुओं का समावेश किया गया।
- इस सत्र में अध्ययन मण्डलों की 02 बैठक आयोजित की गई।
- वर्तमान में विश्वविद्यालय से कुल 363 महाविद्यालय सम्बद्वता प्राप्त है जिनमें 25 राजकीय एवं 338 निजी महाविद्यालय सम्मिलित है।
- परीक्षा वर्ष 2015 में कुल 135 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षायें आयोजित की गई। परीक्षा वर्ष 2016 में परीक्षार्थियों की संख्या में हुई वृद्वि को ध्यान में रखते हुए 11 नवीन परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करवाया जा रहा है। निरीक्षण उपरान्त प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर नवीन परीक्षा केन्द्र स्वीकृत किये जावेंगे।
- माननीय राज्यपाल महोदय एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों पर नकल रोकने के लिए प्रभावी निगरानी हेतु सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये गए।
- परीक्षा 2015 में कुछ विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीयकृत मूल्याकंन प्रणाली के तहत मूल्यांकन करवाया गया। साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं की भारी संख्या को देखते हुये विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार एवं क्षेत्राधिकार से बाहर समन्वयकों की मनोनीत कर योग्य परीक्षकों से उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करवाई गई।
- परीक्षा वर्ष 2015 के समस्त परीक्षा परिणाम निर्धारित समयावधि में घोषित किये गये।

**<u>भावी योजनाएं (2016–17)</u>**

- विश्वविद्यालय से सम्बद्वता प्राप्त महाविद्यालयों में विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली लागू करना।
- विश्वविद्यालय में सी.बी.सी.एस. लागू करने की योजना।
- यू.जी.सी. व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करना।
- RUSA के अन्तर्गत समुचित प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को प्रस्तुत करने की योजना।
- विश्वविद्यालय परिसर में 16.50 करोड़ की लागत से केन्द्रीयकृत मूल्यांकन भवन, केन्द्रीय रिकार्ड रूम, अतिथि गृह का विस्तार, स्टॉफ क्वार्टर आदि के निर्माण कार्य की योजना।
- परीक्षा वर्ष 2015 की उपाधि वितरण हेतु दिसम्बर 2016, में तृतीय दीक्षान्त समारोह के आयोजन की योजना।

# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

| | |
|---|---|
| स्थापना वर्ष | 1987 |
| अध्ययन केन्द्र | 359 |

| | |
|---|---|
| Website | http://vmou.ac.in/default.asp |
| क्षेत्रीय केन्द्र–7 | अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, भरतपुर |

**संक्षिप्त इतिहास**

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय (पूर्व नाम कोटा खुला विश्वविद्यालय) की स्थापना केन्द्र सरकार की नवीन शिक्षा नीति–1986 की अनुपालना के क्रम में राज्य में परम्परागत शिक्षा पद्धति के साथ–साथ दूरस्थ शिक्षा पद्धति के विकास हेतु वर्ष 1987 में राज्य विधान सभा द्वारा पारित अधिनियम द्वारा की गई थी।

दूरस्थ शिक्षा पद्धति के तहत मुक्त विश्वविद्यालयों द्वारा पत्राचार अध्ययन प्रणाली के माध्यम से छात्रों को शिक्षा प्रदान की जाती है। विश्वविद्यालय की स्थापना के समय पत्राचार अध्ययन पद्धति में समन्वय के उद्देश्य से राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित पत्राचार अध्ययन संस्थानों को उनकी चल–अचल सम्पत्ति सहित वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में सम्मिलित कर दिया था, तब से लेकर अब तक यह विश्वविद्यालय राज्य में दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से राज्य के दूर दराज एवं आदिवासी इलाकों में उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु निरंतर प्रयासरत है तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार के उद्देश्य के अनुरूप विश्वविद्यालय अपने लक्ष्य को प्राप्त करने मे काफी हद तक सफल रहा है। विश्वविद्यालय के 7 क्षेत्रीय केन्द्रअजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर एवं भरतपुर है एवं सम्पूर्ण राजस्थान मे अनेक अध्ययन केन्द्र है जिनके माध्यम से उच्च शिक्षा को जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास विश्वविद्यालय कर रहा है।

➢ **वर्तमान में संचालित संकायों एवं विषयों का विवरण** :

| पाठ्यक्रम | कुल कार्यक्रम | विषय |
|---|---|---|
| पीएच.डी. | 17 | वाणिज्य, अर्थशास्त्र, शिक्षा, इतिहास, पुस्तकालय विज्ञान, प्रबन्ध, राजनीति विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, वनस्पतिशास्त्र, लोकप्रशासन, भूगोल, पत्रकारिता, समाजशास्त्र, विशेष शिक्षा, विधि, प्राणीशास्त्र |
| स्नातकोत्तर कार्यक्रम | 27 | अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिन्दी, इतिहास, समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, अंग्रेजी, पत्रकारिता, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, संस्कृत, भूगोल, वाणिज्यएवं व्यावसायिक प्रशासन प्रबन्धन, पुलिस अध्ययन, गणित, वनस्पति शास्त्र, रसायन शास्त्र, प्राणिशास्त्र, भौतिक शास्त्र, मनोविज्ञान, शिक्षा, राजस्थानी, कम्प्यूटर साईंस, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, सामाजिक कार्य, एम.कॉम., एम.एड. आदि |
| स्नातक | 11 | कला, विज्ञान, वाणिज्य, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, पत्रकारिता, बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एड., होटल मैनेजमेन्ट, सोशल वर्क |
| स्नातक प्रीपरेटरी कार्यक्रम | 3 | विज्ञान, कला व वाणिज्य हेतु |
| स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम | 11 | पी.जी.डी.सी.ए., पी.जी.डी.जी.एम., पी.जी.डी.एल.एल., पी.जी.डी.डब्ल्यू.आर., पी.जी.डी.सी.ए.ए., पी.जी.डी.वी.ई.एस., पी.जी.डी.जी.सी., पी.जी.आई.पी.पी. |

| | | |
|---|---|---|
| डिप्लोमा कार्यक्रम | 12 | कल्चर एण्ड ट्यूरिज्म, लाईब्रेरी एण्ड इन्फोर्मेशन साईंस, सोशियल प्रॉब्लम्स इन राजस्थान, डिप्लोमा इन वाटरशेड मैनेजमेन्ट, प्राकृत लेंग्वेज, अपभ्रंश लेंग्वेज, कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्किंग, हॉस्पिटेलिटी एण्ड होटल मैनेजमेन्ट, जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन, फूड सर्विस मैनेजमेन्ट, जर्नल एग्रीकल्चर, मैमोरी एनहेन्समेन्ट साईंस एण्ड स्ट्रेस मैनेजमेन्ट |
| प्रमाण पत्र कार्यक्रम | 12 | |

**जन शक्ति**

- विश्वविद्यालय में कुल शैक्षिक एवं अशैक्षिक स्वीकृत पद 335 है जिनमें से 304 पद भरे हुए एवं 31 पद रिक्त हैं।

**वित्तीय प्रबन्ध**

- विश्वविद्यालय के वित्त विभाग द्वारा विभिन्न विभागों से प्राप्त बिलों को नियमानुसार कोष कार्यालय की भाँति पारित कर सम्बन्धित व्यक्ति/फर्म को सीधे ही बैंक के माध्यम से भुगतान किया जाता है। वित्त विभाग द्वारा विश्वविद्यालय की निधियों का संधारण किया जाता है तथा बजट पर नियंत्रण रखते हुए लेखे तैयार किये जाते हैं।

**आय–व्यय विवरण2015–16 (रुपये लाखों में)**

| | आयोजना | आयोजना–भिन्न | विश्वविद्यालय संसाधन |
|---|---|---|---|
| आय | 0.01 | 670.00 | 3156.70 |
| व्यय | – | 670.00 | 1922.74 |

- वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में दूरस्थ शिक्षा प्रणाली से शिक्षा प्रदान किये जाने के कारण इस विश्वविद्यालय में कोई संघटक महाविद्यालय नहीं है। विश्वविद्यालय में वर्ष में दो बार जुलाई एवं जनवरी में प्रवेश दिया जाता है। विश्वविद्यालयका नामांकन निम्नानुसार हैः–

**विद्यार्थियों का नामांकन (जनवरी 2015 एवं जुलाई 2015)**

| संकाय | सामान्य | | एस सी | | एस टी | | ओ बी सी | | योग | | महा योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | |
| स्नातक | 2834 | 2260 | 1222 | 709 | 899 | 563 | 3809 | 1856 | 8764 | 5388 | **14152** |
| स्नातकोत्तर | 3481 | 3396 | 1675 | 576 | 1269 | 587 | 4419 | 2196 | 10788 | 6755 | **17543** |
| अन्य | 871 | 600 | 287 | 77 | 179 | 61 | 819 | 302 | 2160 | 1035 | **3195** |
| कुल | **7186** | **6256** | **3184** | **1362** | **2347** | **1211** | **9047** | **4354** | **21712** | **13178** | **34890** |

**वित्तीय वर्ष2015–16 की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ**

- विश्वविद्यालय में प्रवेश एवं परीक्षा कार्य को ऑनलाईन कर ई–मित्र से अनुबंध किया गया। शुल्क का भुगतान ई–मित्र, इन्टरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, मोबाईल बैंकिंग से करने की सुविधा लागू की गई।

- प्रवेश के तुरन्त बाद छात्रों को पाठ्य सामग्री प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया।
- राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान तथा स्वयं के स्त्रोतो से आय द्वारा विश्वविद्यालय के खर्चो का वहन करते हुये स्वयं के आय के स्रोत्रों में वृद्वि की तथा विश्वविद्यालय आय के स्रोतों से पेंशन व अन्य सेवा निवृत्त लाभों का भुगतान वहन किया जा रहा है।
- आरकेसीएल द्वारा संचालित आरएससीआईटी पाठ्यक्रम की परीक्षायें विश्वविद्यालय द्वारा प्रदेश भर में प्रत्येक तहसील स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजित करवाई गई।
- प्रवेश सत्र 2015 में पीएच.डी. कोर्स वर्क में प्रवेशित छात्रों हेतु इंडक्शन कार्यक्रम एवं कोर्स वर्क की कक्षाऐं आयोजित की गई।
- विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षायें नये पेटर्न पर आयोजित कर समय से परीक्षा परिणाम घोषित किये गये।
- विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों को जारी ई–मेल की सुविधा का उपयोग कर अधिकतर कार्य पेपरलेस करने का प्रयत्न किया गया।
- विश्वविद्यालय में पंजीकृत छात्रों की संख्या में वृद्वि के प्रयास करने हेतु मुख्यालय एवं अध्ययन केन्द्रों पर संबंधित क्षेत्रीय केन्द्रों के निदेशकों द्वारा इंडक्शन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- छात्रों की सुविधा एवं वांछित सूचना प्राप्ति हेतु विश्वविद्यालय मोबाईल एप बनाया गया।

**भावी योजनाएँ (वित्तीय वर्ष 2016–17)**

- विश्वविद्यालय में पंजीकृत छात्रों की संख्या में वृद्वि का प्रयास करना।
- दूरस्थ शिक्षा के नये स्त्रोत तैयार करना एवं उन्हें आद्यतन करना।
- सभी अध्ययन केन्द्रों को सूचना एवं प्रौद्योगिकी से जोड़ना।
- विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों को ऑनलाईन करना।
- प्रवेश एवं परीक्षा का समस्त कार्य ऑनलाईन करना।
- सभी पाठ्यक्रमों के विभिन्न विषयों के वीडियों व्याख्यान तैयार करवाना।

# राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थापना वर्ष | 1999 | Website | http://www.nlujodhpur.ac.in/ |
| e-mail | nlu-jod-rj@nic.in | Phone | 0291-2577530, 2577526, Fax-2577540 |

राज्य सरकार द्वारा राजस्थान प्रदेश में विधि शिक्षा के प्रसार हेतु राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर की स्थापना अधिनियम संख्या 22 के अन्तर्गत वर्ष 1999 में की गई। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का प्रथम शैक्षणिक सत्र 15 जुलाई, 2001 से विधिवत चालू किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं अधिस्नातक स्तर के विभिन्न प्रकार के नियमित पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, यही नहीं विश्वविद्यालय द्वारा दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत भी विभिन्न प्रकार के डिप्लोमा एवं डिग्री कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। यह देश का एक मात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसमें वर्ष में 280 दिनों तक अकादमिक कार्यक्रम संचालित किया जाता है। यहाँ साप्ताहिक रविवारीय अवकाश के अतिरिक्त मात्र छः सार्वजनिक अवकाश का उपभोग किया जा सकता है।

विद्यार्थियों का नियमित पाठ्यक्रम मे प्रवेश के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष अखिल भारतीय स्तर पर देश के विभिन्न स्थानों पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन कर उसकी मैरिट के आधार पर निर्धारित संख्या में विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता रहा है।

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर एक आवासीय विश्वविद्यालय है अतः प्रवेश उपरान्त प्रत्येक विद्यार्थी को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित छात्रावास में रहना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों एवं छात्राओं हेतु अलग–अलग छात्रावास निर्मित हैं।

विद्यार्थियों को विधिक शोध की बारीकियों व कॉर्पोरेट जगत की कार्य प्रणाली से अवगत करवाने तथा अकादमिक व व्यवसाय जगत में अधिगम के वैकल्पिक तरीकों पर अन्तदृष्टि विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय में 18 सेन्टर्स ऑफ एक्सिलेन्स एन्ड रिसर्च प्रारम्भ किए गए हैं।

विश्वविद्यालय को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति का विधि संस्थान बनाने व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी उपस्थिति दर्ज कराने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय में एक अन्तर्राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है।

**विश्वविद्यालय के विभागों एवं संघटक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का नामांकनः–**

| स्नातक–एल.एल.बी.(आनर्स) | | स्नातकोत्तर | | पीएच.डी. | |
|---|---|---|---|---|---|
| पाठ्यक्रम | नामांकन | पाठ्यक्रम | नामांकन | पाठ्यक्रम | नामांकन |
| बी.ए.– एल.एल.बी ऑनर्स | 87 | एम.बी.ए. (बीमा) | 17 | पीएच.डी. (लॉ) | 2 |
| बी.एससी.–एल.एल.बी ऑनर्स | 0 | एम.एस. (बीमा) | 19 | | |
| बी.बी.ए.–एल.एल.बी ऑनर्स | 28 | एल.एल.एम. (कार्पोरेट लॉ) | 22 | | |
| | | एल.एल.एम. (बैंकिग एवं फाइनेन्स) | 23 | | |
| | | एल.एल.एम. (आई.पी.आर.) | 23 | | |
| | | एल.एल.एम. (आई.टी.एल.) | 23 | | |
| | | एल.एल.एम. (साइबर लॉ एवं साइबर सिक्योरिटी लॉ) | 22 | | |
| **योग** | **115** | **योग** | **149** | **योग** | **2** |

## वित्तीय वर्ष 2015–16 की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

- विश्वविद्यालय में अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के विद्वानों ने व्याख्यान दिए।
- विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार/कार्यशालाओं/मूट कोर्ट का आयोजन किया गया।
- वर्ष 2015 में राष्ट्रीय विधि महाविद्यालय, जोधपुर के विद्यार्थियों ने विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय मूट कोर्टप्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा विभिन्न रैंक, स्पीकर अवार्ड व सम्मान प्राप्त किए।
- विश्वविद्यालय के 6 पूर्व विद्यार्थियों ने राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा 2015 में 17, 41, 62, 65, 73 एवं 103वीं रेंक प्राप्त की।
- 25 सितम्बर 2015 को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहायता से विश्वविद्यालय में आधारभूत संरचना के विकास के अनेक कार्य जारी हैं।
- विश्वविद्यालय के 38 विद्यार्थियों को विभिन्न कम्पनियों में अच्छे पैकेज पर प्लेसमेंट दिये गये।

## आय–व्ययक विवरण 2015–16 (दिसम्बर 2015 तक)

| आय मद (लाखों में) | | व्यय मद (लाखों में) | |
|---|---|---|---|
| पूंजीगत | आयगत | पूंजीगत | आयगत |
| **1149.18** | **1432.00** | **252.82** | **841.23** |

## वित्तीय वर्ष 2016–17 की भावी योजना

- 180.00 लाख रूपये की लागत से 200 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट लगाना प्रस्तावित।
- 60.00 लाख रूपये की लागत से मूट कोर्ट, अकादमी हॉल व कान्फ्रेंस हॉल को आधुनिक किया जाना प्रस्तावित।
- 185.00 लाख रूपये की लागत से कैम्पस में ड्रिप ईरिगेशन व वाटर हार्वेस्टिंग को तैयार करना प्रस्तावित।

## राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

| स्थापना वर्ष | 2012 |
|---|---|
| e-mail | matsyauniv.alwar@gmail.com |

| Website | http:www.matsyauni.alwar@gmail.com |
|---|---|
| Phone | 0144-2730321 |

मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर, अधिनियम 2012 (2012 का विधेयक संख्या 29)जो राजपत्र में दिनांक 23 अगस्त, 2012 को प्रवृत्त हुआ है, के द्वारा '' मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर की स्थापना की गई तत्पश्चात् राज्य सरकार की अधिसूचना क्रंमाक प.2(14) विधि/ 2/2014 दिनांक 04.07.2014 द्वारा मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर (नाम परिवर्तन) अधिनियम 2014 (2014 का अधिनियम संख्याक 11) से इस विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तन कर ''राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर'' घोषित किया गया है जो मूल प्रवृत्त की दिनांक 23.08.2012 से प्रभावी माना गया हैं। **संचालित संकाय एवं विषयों का विवरण:**विश्वविद्यालय में वर्तमान में शैक्षणिक गतिविधियॉ संचालित नहीं हो रही है। विश्वविद्यालय के सम्बद्व महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में स्नातक पार्ट–प्रथम स्तर पर कला, वाणिज्य, विज्ञान, विधि, बी.बी.ए, बी.सी.ए. एवं बी.एड. संकायों का संचालन एवं स्नातकोत्तर पूर्वाद्व स्तर पर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय का संचालन किया जा रहा है।

वर्तमान में विश्वविद्यालय में कुल 11 अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं।

**वित्तीय प्रबन्ध :** विश्वविद्यालय की स्थापना के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा आंवटित किये गये बजट एवं उनके विरूद्ध किये गये व्यय की स्थिति निम्न प्रकार है :–

वित्तीय वर्ष 2012–13 से 2015–16 (upto 31.10.2015)तक विश्वविद्यालय को जारी बजट आवंटन की स्थिति

**2012–13** (राशि रूपये में)

| क्र. सं. | विवरण | गैर संवेतन | संवेतन | पूँजीगत | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 01.04.2012 को अवशेष राशि | - | - | - | - |
| 2 | वर्ष 2012–13 में प्राप्त अनुदान राशि | 8,40,000 | 3,99,000 | - | 12,39,000 |
| 3 | 2012–13 में उपलब्ध कुल राशि | 8,40,000 | 3,99,000 | - | 12,39,000 |
| 4 | 2012–13 में व्यय की गई राशि | 1,958 | 1,70,376 | - | 1,72,334 |
| 5 | 2012–13 को अवशेष राशि दिनांक 31.03.2013 | 8,38,042 | 2,28,624 | - | 10,66,666 |

**2013–14** (राशि रूपये में)

| क्र. सं. | विवरण | गैर संवेतन | संवेतन | पूँजीगत | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 01.04.2013 को अवशेष राशि | 8,38,042 | 2,28,624 | - | 10,66,666 |
| 2 | वर्ष 2012–13 में प्राप्त अनुदान राशि | 33,95,000 | 47,71,000 | 30,00,000 | 1,11,66,000 |
| 3 | 2012–13 में उपलब्ध कुल राशि | 42,33,042 | 49,99,624 | 30,00,000 | 1,22,32,666 |
| 4 | 2012–13 में व्यय की गई राशि | 4,31,025 | 18,36,260 | - | 22,67,285 |
| 5 | 2012–13 को अवशेष राशि दिनांक 31.03.2013 | 38,02,017 | 31,63,364 | 30,00,000 | 99,65,381 |

**2014–15** (राशि रूपये में)

| क्र. सं. | विवरण | गैर संवेतन | संवेतन | पूँजीगत | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 01.04.2014 को अवशेष राशि | 38,02,017 | 31,63,364 | - | 99,65,381 |
| 2 | वर्ष 2012–13 में प्राप्त अनुदान राशि | (-) 4,32,000 | (+) 4,32,000 | 30,00,000 | 1,00,00,000 |
| 3 | 2012–13 में उपलब्ध कुल राशि | 33,70,017 | 35,95,364 | 30,00,000 | 1,00,65,381 |
| 4 | 2012–13 में व्यय की गई राशि | 20,54,116 | 35,94,335 | - | 56,48,451 |
| 5 | 2012–13 को अवशेष राशि दिनांक 31.03.2013 | 13,15,901 | 1029 | 1,30,00,000 | 1,43,16,930 |

2015–16 upto 31.10.2015 राशि रूपये में

| क्र. सं. | विवरण | गैर संवेतन | संवेतन | पूँजीगत | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 01.04.2014 को अवशेष राशि | 13,15,901 | 1029 | 1,30,00,000 | 1,43,16,930 |
| 2 | वर्ष 2012–13 में प्राप्त अनुदान राशि | - | 46,88,000 | - | 46,88,000 |
| 3 | 2012–13 में उपलब्ध कुल राशि | 13,15,901 | 46,89,029 | 1,30,00,000 | 1,90,04,930 |
| 4 | 2012–13 में व्यय की गई राशि | 13,11,063 | 35,80,087 | 1,30,00,000 | 1,78,91,150 |
| 5 | 2012–13 को अवशेष राशि दिनांक 31.03.2013 | 4,838 | 11,08,942 | - | 11,13,780 |

## वित्तीय वर्ष 2015–16 की महत्वपूर्ण उपलब्धिया :

- क्षेत्राधिकारः– राजस्थान सरकार, जयपुर से प्राप्त पत्रांक प.14(39)शिक्षा–4/2012 दिनांक 01.04.2015 के द्वारा अधिसूचना, दिनांक 04.03.2015 जो राजस्थान राजपत्र विशेषांक में दिनांक 11.03.2015 को प्रकाशित की है, के अनुसार इस विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार निर्धारण अलवर जिले में स्थित अकादमिक ''शिक्षक प्रशिक्षण'' एवं विधि के समस्त महाविद्यालयों पर किया गया है।
- सम्बद्धताः– राज्य सरकार से क्षेत्राधिकार प्राप्त होने के पश्चात अधीनस्थ महाविद्यालयों पर इस विश्वविद्यालय की सम्बद्धता कायम करने हेतु राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से संबंधित पत्रावालियां प्राप्त करने की कार्यवाही की गई। राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा उनके पत्रांक शैक्षणिक द्वितीय/2015/30017 दिनांक 16.06.2015 द्वारा इस विश्वविद्यालय के क्षेत्राधीन कुल 181 महाविद्यालयों में से 18 महाविद्यालयों के अलावा शेष 163 महाविद्यालयों द्वारा शिक्षा सत्र 2015–16 के लिए सम्बद्धन अभिवृद्वि हेतु किये गये पत्राचार से संबंधित कुल 238 पत्रावालियां हस्तानान्तरित की गई है। राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के पत्रांक शैक्षणिक द्वितीय/2015/5167 दिनांक 10.10.2015 के द्वारा उक्त महाविद्यालय की मूल पत्रावलियां इस विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जाने हेतु सूचित किया गया है। शीघ्र ही इन पत्रावलियों को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से प्राप्त किया जायगा।
- भूमि पर चार दीवारी निर्माणः– इस विश्वविद्यालय को ग्राम हल्दीना, तहसील मालाखेडा जिला अलवर में आवंटित49.70 हैक्टयर भूमि का सीमाज्ञान कराया गया । आवंटित भूमि पर चार दीवारी निर्माण हेतु अनुभव एवं व्यय अनुमान के आधार पर विश्वविद्यालयस्तर पर राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेंट एवं कन्सट्रक्शन कार्पोरेशन लिमिटेड, जयपुर से चार दीवारी निर्माण कराने का निर्णय किया गया। चार–दीवारी निर्माण का प्रस्तावित व्यय रू. 262.95 लाख है जिसके पेटे राज्य सरकार द्वारा आदेश दिनांक 02.01.2015 द्वारा 1.30 करोड का आवंटन पीडी खाते में किया गया एवं माननीय मंत्री महोदय, उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 30.07.2015 में श्रीमान शासन प्रमुख सचिव, उच्च

शिक्षा, राजस्थान द्वारा निर्देशित किया गया कि आवंटन आदेश को ही राज्य सरकार की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति समझते हुये बाउण्ड्री वॉल निर्माण की कार्यवाही की जावे। जिसकी पालना में विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित राशि रू.1.30 करोड को चयनित एजेन्सी के खाते में जमा करा दिया गया है एवं एजेन्सी द्वारा चार–दीवारी निर्माण हेतु मैसर्स मीनेश कॉन्ट्रेक्टर्स एण्ड डवलपर्स (प्राइवेट) जयपुर को अनुबन्धित कर वर्क ऑर्डर जारी किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के प्रस्तावित प्रशासनिक भवन के निर्माण हेतु राशि रू. 3920.00 लाख का प्रावधान उच्च शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित किया जा चुका है। माननीय मंत्री महोदय, उच्च शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा दिनांक 18.12.2015 को भूमि पर चार दीवारी निर्माण का शिलान्यास कराया जाना प्रस्तावित है।

**भावी योजना वित्तीय वर्ष 2016–17 :**

विश्वविद्यालय की भावी योजना के तहत निम्नानुसार कार्य किया जाना प्रस्तावित हैः–

(1) विश्वविद्यालय को आंवटित भूमि पर जल व्यवस्था हेतु एक ट्यूब–वेल, प्रशासनिक भवन एवं अन्य आवश्यक भवनों/खण्डों का निर्माण प्रस्तावित है। प्रशासनिक भवन के निर्माण हेतु राशि रू. 3920.00 लाख के व्यय अनुमान प्रशासनिक विभाग, जयपुर को प्रेषित किये जा चुके है।

(2) कार्य विस्तार के अनुसार राज्य सरकार से आवश्यक दिशा–निर्देशों के अनुसार लिपिकीय, तकनीकी एवं चतुर्थ श्रेणी आदि कर्मचारी संवर्गो के पदों ाके सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

(3) आवश्यकतानुसार कार्यालय संबंधी सामग्री क्रय करने की कार्यवाही करना।

| महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर | | | | |
|---|---|---|---|---|
| स्थापना वर्ष | 2012 | | Website | http://www.brijuniversity.ac.in |
| e-mail | brijuniversitybtp@gmail.com | | Phone | 05644-220560 Fax No. 05644-220560 |

राज्य में उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने भरतपुर में विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए लम्बे समय से चली आर रही जनता की मांग पूरी करने और बजट सत्र 2012–13 में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा की अनुपालना में बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर की स्थापना हुई है। राज्य सरकार के विधि विभाग (ग्रुप–2) की अधिसूचना संख्या प 2 (13)विधि/2/2014 दिनांक 04.07.2014 के अनुसार बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर (नाम परिवर्तन) अधिनियम 2014 के द्वारा नाम परिवर्तित कर ''महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर'' कर दिया गया है।

**जनशक्ति**

विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए राज्य सरकार ने 53 अधिकारियों/कर्मचारियों के पद स्वीकृत किये है।

